21 मई 2025
बुधवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राज्य में चलेगा विशेष अभियान : मंगल पांडेय 5



# फिर पैर पसारने लगा कोरोना... देश के 11 राज्यों में 257 मामले, मुंबई में दो लोगों की मौत

## सतर्कता ही बचाव

एजेंसी/नई दिल्ली

कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन अब तक 257 लोगों को अपनी चपेट में ले चुका है और इसका असर देश की राजधानी दिल्ली सहित 11 राज्यों तक हो चुका है। इससे स्वास्थ्य एजेंसियां एक बार फिर सक्रिय हो गई हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना के नए स्ट्रेन की अब तक की संक्रामकता से यह संभावना दिखाई दे रही है कि यह कोविड 19 के पहले और दूसरे म्यूटेशन की तरह बहुत संक्रामक नहीं हो सकता है। फिर भी अन्य बीमारियों से जूझ रहे लोगों पर इसका नकारात्मक असर दिखाई दे सकता है। अन्य बीमारियों से जूझ रहे लोगों को सतर्क रहना चाहिए और कोई भी लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकों से परामर्श करना चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस समय देश में कोरोना के 257 सक्रिय मामले हैं। इसमें 164 मामले नए दर्ज किए गए हैं। मुंबई के किंग एडवर्ड मेमोरियल अस्पताल में दो लोगों की मौत भी हो चुकी है, हालांकि इन मौतों के पीछे अन्य कारण बताए गए हैं। मृतकों में 59 वर्षीय एक व्यक्ति कैंसर से पीड़ित था, जबकि दूसरी मृतक एक 14 वर्षीय किशोरी थी जिसको भी अन्य परेशानियां थीं। इस समय सबसे ज्यादा कोरोना के मामले केरल में दर्ज किए गए हैं जहां सक्रिय मरीजों की संख्या 95 तक पहुंच चुकी है। इसमें 69 केस नए हैं। दूसरे नंबर पर तमिलनाडु है जहां इस समय कुल 66 सक्रिय केस हैं। इसमें 34 मामले नए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र का नंबर आता है जहां कुल सक्रिय मरीज 56 हैं जिसमें 44 मामले नए दर्ज किए गए हैं।

## चीन, सिंगापुर, थाइलैंड में लगातार बढ़ रहे मामले



चीन, सिंगापुर, थाइलैंड में फैल रहे कोरोना वायरस का नया वेरिएंट जेएन1 है। इन देशों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ओमिक्रोन के नए वेरिएंट जेएन1 और उसके सब-वेरिएंट्स एलएफ 7 और एनबी1.8 को इस बार वायरस संक्रमण के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। जेएन1 वेरिएंट ओमिक्रॉन बीए.2.86 वंश का वंशज है। जॉन्स हॉपकिन्स मेडिसिन के मुताबिक, इस वेरिएंट की खोज पहली बार अगस्त 2023 में हुई थी। इसमें करीब 30 म्यूटेशन हैं, जो इसे प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने में मदद करते हैं। ये एडिशनल वन और टू म्यूटेशनन्स के जरिए आसानी से ट्रांसमिट होने की क्षमता रखता है। हालांकि, कोरोनावायरस का बीए.2.86 वेरिएंट कभी भी एसएआरएस-कोविड वी-2 वेरिएंट के ग्रुप में हावी नहीं हुआ।

## राजधानी दिल्ली में कोरोना के पांच मामले, इनमें तीन केस नए

गुजरात में कोरोना के सात मामले सक्रिय हैं जिसमें छः मामले नए दर्ज किए गए हैं। पुडुचेरी में कोरोना के मामलों में कमी आई है। यहां इस समय 10 सक्रिय केस हैं, जबकि तीन मरीजों को पूरी तरह स्वस्थ घोषित कर दिया गया है। हरियाणा में भी कोरोना का एक नया मामला पाया गया है। देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना के पांच मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें तीन मामले नए हैं। कुछ एशियाई देशों में कोरोना के मामलों में लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने 12 मई से कोरोना मरीजों के आंकड़े दोबारा अपडेट करने शुरू कर दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के अधिकारियों की बैठक में स्थिति के सभी पहलुओं पर विचार किया गया है। अब तक दर्ज किए गए सभी केस मध्यम कैटेगरी के हैं और गंभीर कैटेगरी में कोई मरीज दर्ज नहीं किया गया है। सरकार के अनुसार, स्थिति को देखते हुए जांच और निगरानी की सक्रियता बढ़ा दी गई है और चिंता करने वाली कोई बात नहीं है। देश के पास किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरे इंतजाम हैं। लेकिन इसके बाद भी सच्चाई यह है कि कोरोना देश के 11 राज्यों में फैल चुका है। इसमें दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, हरियाणा, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, राजस्थान और कर्नाटक शामिल हैं। पिछली बार चीन को कोरोना फैलने की सबसे प्रमुख वजह बताया गया था। हालांकि चीन ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। लेकिन इस बार कोरोना अब तक सिंगापुर और हांगकांग में अपने पांव पसार चुका है। अन्य देशों तक इसके पहुंचने पर स्थिति को संभालने के लिए सक्रिय होना होगा। पिछली बार कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया में भयंकर तबाही मचाई थी। इस वायरस से बचने के लिए देश में लॉकडाउन लगाना पड़ा था

## असर ज्यादा घातक नहीं, फिर भी बरतनी होगी सतर्कता

मैक्स अस्पताल की स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. ममता त्यागी ने कहा कि किसी भी प्रकार के एपिडेमिक के एक समयांतराल के बाद उसका एंडेमिक आता है। इस दौरान वह वायरस वातावरण में मौजूद तो रहता है, लेकिन उसकी पीड़ित करने की क्षमता और संक्रामकता दर घट जाती है। चूंकि कोरोना 19 को लेकर समाज में हर्ड इम्यूनिटी विकसित हो चुकी है, इसका असर ज्यादा घातक नहीं होगा। लेकिन इसके बाद भी लोगों को सतर्कता बरतनी चाहिए। डॉ. ममता त्यागी ने कहा कि कभी-कभी कुछ वायरस अपने अंदर भारी बदलाव कर लेते हैं और वे नई संक्रामक क्षमता के साथ लोगों पर आक्रमण करते हैं, लेकिन अभी तक कोरोना के जो नए मामले सामने आए हैं, उनसे यह संकेत नहीं मिलता कि यह नया स्ट्रेन बहुत ज्यादा घातक या संक्रामक है। ऐसे में लोगों को बहुत चिंता नहीं करनी चाहिए। लेकिन सावधानी रखकर इससे बचने की कोशिश करनी चाहिए।

कोरोना मामलों के नोडल इंचार्ज रहे डॉ. संदीप नायर ने कहा कि कोरोना का नया म्यूटेशन जेएन-1 खतरनाक श्रेणी का नहीं है। इसकी लोगों को संक्रमित करने की क्षमता भी सीमित पाई गई है। यह कोरोना के दूसरे संस्करण की तरह बिल्कुल भी विस्फोटक नहीं है। यदि ऐसा होता तो अब तक कोरोना के मरीज भारी संख्या में सामने आ चुके होते। डॉ. संदीप ने कहा कि इस संक्रामक वायरस की चपेट में आने वाले मरीजों को बुखार-खांसी के हल्के लक्षण हो सकते हैं। इस वायरस का असर दूसरी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों पर नकारात्मक असर दिखा सकता है, ऐसे में जिन लोगों को कोई अन्य गंभीर बीमारी है, उन्हें सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी लक्षण के दिखने पर मरीजों को तुरंत चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। कोविड पॉजिटिव पाए जाने पर भी घबराना नहीं चाहिए। इसका इलाज सामान्य तौर पर हर जगह उपलब्ध है।

## खबरें फटाफट

### चार-पांच दिनों में केरल में दस्तक दे सकता है मानसून

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून तय अनुमानित समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले चार-पांच दिनों में केरल पहुंचने की संभावना है। यह 1 जून की सामान्य तिथि से काफी पहले है। मौसम विभाग ने पहले पूर्वानुमान लगाया था कि मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक देगा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, अगर मानसून उम्मीद के मुताबिक केरल पहुंचता है तो यह 2009 के बाद से सबसे जल्दी दस्तक देगा। तब यह 23 मई को शुरू हुआ था। आईएमडी ने मंगलवार दोपहर को एक अपडेट में बताया कि अगले 4-5 दिनों के दौरान केरल में मानसून के दस्तक देने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना है। आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है। इसके बाद 8 जुलाई तक यह पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्तूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है। पिछले साल 30 मई को दक्षिणी राज्य में मानसून ने दस्तक दी थी।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की बाढ़ के पूर्व तैयारियों की समीक्षा

# आपसी समन्वय से कार्य करें सभी विभाग राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता: नीतीश



केटी न्यूज/पटना

इस महीने के अंत तक मानसून केरल के तट पर दस्तक देने वाला है। इसके साथ ही धीरे-धीरे पूरे देश में मानसून की बारिश शुरू हो जाएगी। ऐसे बरसात शुरू होने से पहले बिहार सरकार संभावित बाढ़ के खतरे को ध्यान में रखते हुए अलर्ट हो गई है। मंगलवार को पटना स्थित मुख्य सचिवालय सभागार में संभावित बाढ़ के पूर्व तैयारियों की समीक्षा सीएम नीतीश कुमार ने की।आगामी मानसून को देखते हुए बिहार में संभावित बाढ़ से निपटने हेतु पूर्व तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिवालय सभागार, बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सीएम नीतीश कुमार द्वारा की गई। जिसमें आपदा प्रबंधन विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।


बैठक में बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान और संवेदनशील इलाकों की सूची, राहत शिविरों की स्थापना और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, नाव, जीवन रक्षक उपकरण तथा राशन की व्यवस्था, जलजमाव की समस्या से निपटने हेतु नगर निकायों की कार्ययोजना, मेडिकल टीमों की तैनाती, दवाइयों की उपलब्धता एवं टीकाकरण कार्यक्रम, बाढ़ पूर्व चेतावनी तंत्र की समीक्षा और सूचना तंत्र मजबूत करने समेत अन्य बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने और राहत एवं बचाव कार्यों को समयबद्ध रूप से निष्पादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनता को समय रहते सतर्क करना तथा राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में यह तय किया गया कि जिलों के डीएम स्तर पर भी नियमित समीक्षा की जाएगी और जमीनी स्तर पर तैयारियों की निगरानी की जाएगी।

## मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत 1002 करोड़ रु. की लागत से 1327 योजनाओं का सीएम ने किया शिलान्यास

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत 1002 करोड़ रुपए की लागत से 1327 योजानाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। इस अवसर पर पटना के गांधी मैदान स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के एकीकरण एवं स्वचालन योजना का भी बटन दबाकर उद्घाटन किया। इस एकीकरण योजना के प्रारंभ होने से पटना शहर अंतर्गत जलनिकासी हेतु बने ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशनों की निगरानी कंट्रोल रूम से की जा सकेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा तैयार की गयी लघु फिल्म प्रदर्शित की गयी। मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं पर आधारित मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के विवरणिका का विमोचन किया। नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में विकास को तीव्रता प्रदान करने के लिए जुलाई, 2024 में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना कार्यान्वित की गयी है। इसके तहत राज्य के शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं का विकास यथा जलनिकासी की व्यवस्था, सड़कों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार, पार्कों का निर्माण, तालाबों/घाटों का निर्माण एवं सौन्दर्गीकरण जैसी योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की प्राथमिकता के निर्धारण हेतु जिलास्तरीय संचालन समिति का गठन किया गया है। चयनित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु बुडको को कार्य एजेंसी बनाया गया है। वर्ष 2024-25 में कुल 400 करोड़ रुपए की राशि सभी जिलों को नगर निकायों की जनसंख्या के आधार पर आवंटित किया जा चुका है। राज्य के सभी 38 जिलों में कुल 1 हजार 327 योजनाओं का चयन किया गया है जिसकी प्राक्कलित राशि लगभग 1002 करोड़ रुपए है। अब तक उत्तर बिहार के लिए कुल 624 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है जिनमें सड़क निर्माण हेतु 211, नाला निर्माण हेतु 97, सड़क-सह-नाला निर्माण हेतु 215, पार्क निर्माण हेतु 8, स्ट्रीट लाईट हेतु 56 एवं अन्य 37 योजनाएं शामिल हैं। इसी प्रकार दक्षिण बिहार के लिए कुल 703 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी हैं जिनमें सड़क निर्माण हेतु 199, नाला निर्माण हेतु 84, सड़क-सह-नाला निर्माण हेतु 317, पार्क निर्माण हेतु 10, स्ट्रीट लाईट हेतु 26 एवं अन्य 67 योजनाएँ शामिल हैं।

# सिलीगुड़ी-राधिकापुर पैसेंजर ट्रेन के इंजन में लगी आग

## मची अफरातफरी, जानमाल का नुकसान नहीं



केटी न्यूज/पटना

कटिहार रेल मंडल के सिलीगुड़ी-राधिकापुर डीएमयू पैसेंजर ट्रेन (75720) के इंजन में अचानक आग लग गई। आग लगने की खबर मिलते ही ट्रेन में बैठे यात्रियों में अफरातफरी का माहौल हो गया। यात्रियों का कहना है कि किशनगंज से आगे गाईसल के पास इस आग लगी में दमकल और स्थानीय लोगों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया।

घटना के संबंध में यात्रियों का कहना है कि डीएमयू पैसेंजर ट्रेन सिलीगुड़ी से मालदा कोर्ट जा रही थी। जब ट्रेन गैसल स्टेशन के पास पहुंची, तभी इंजन से अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें दिखने लगी। इंजन में मौजूद ड्राइवर ने तुरंत इसकी सूचना रेलवे अधिकारियों को दी। आग की खबर मिलते ही स्टेशन पर मौजूद रेल कर्मचारी और सुरक्षा बल भी घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां भी घटनास्थल पर पहुंच गई और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया।

रेल कर्मियों ने बताया कि घटना में किसी के जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। लोको पायलट ट्रेन का (ड्राइवर) पूरी तरह सुरक्षित है और सभी यात्री समय रहते ट्रेन से बाहर निकल चुके थे। हालांकि आग और धुएं के चलते स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल जरूर बन गया। कटिहार रेल डिवीजन के सीनियर डीसीएम धीरज चंद्र कलिता ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गनीमत रही कि समय रहते राहत कार्य शुरू हो गया और किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# अटारी बॉर्डर पर फिर शुरू हुई रिट्रीट सेरेमनी भारत माता की जय से गूंजता रहा इलाका

एजेंसी/नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद अटारी सीमा पर होने वाली रिट्रीट सेरेमनी पर सात मई को विराम लगा दिया था। मंगलवार को अटारी में फिर रिट्रीट सेरेमनी शुरू हो गई। हालांकि न तो जीरो लाइन के गेट खुले और न ही पाक रेंजर्स से हाथ मिलाया गया। बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तान की ओर तीखे तेवर दिखाकर परेड की। अटारी में भारतीय दर्शक दीर्घा भारत माता के जयघोष से गूंजती रही। तिरंगा शान से लहराता रहा। हालांकि मंगलवार को सीमा सुरक्षा बल ने दर्शकों के आने पर रोक लगाई थी, परंतु जो लोग अटारी सीमा तक पहुंच गए, उन्हें दर्शक दीर्घा में आने की अनुमति दे दी गई। पाकिस्तान में वाघा सीमा की दर्शक दीर्घा खाली रही। उधर फाजिल्का में सादकी चौकी और फिरोजपुर में हुसैनीवाला बॉर्डर पर भी रिट्रीट सेरेमनी शुरू हो गई। यहां भी भारतीयों ने पूरे जोश से 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम के नारे लगाए।

# पत्थर की खदान में लैंडस्लाइड, पांच की मौत

एजेंसी/चेन्नई

तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक चट्टान गिरने से पांच मजदूरों की मौत हो गई जबकि दो अन्य मजदूर घायल हो गए हैं। घटना मल्लाकोट्टई इलाके में बनी पत्थर की खदान के पास हुई जिससे अफरातफरी मच गई। सूचना पर प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। शिवगंगा जिले में पत्थर की खदान में कार्य के दौरान अचानक जोरदार आवाज आई जिसके बाद अचानक चट्टाने दरकने लगीं और पत्थर गिरने लगे। हादसे के बाद रेस्क्यू कार्य अभी चल रहा है। उट एमके स्टालिन ने घायलों और मृतकों के परिवारों के लिए मुआवजे का एलान किया है।

जानकारी के मुताबिक खदान में लगभग 450 फीट अंदर मजदूर खुदाई का काम कर रहे थे। इस बीच अचानक अंदर जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद वहां चट्टानें खिसककर गिरने लगीं। इस हादसे में कुछ मजदूर बड़ी चट्टान के नीचे दब गए। इस हादसे में 5 मजदूरों की जान चली गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को मदुरई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा है कि हादसे के कारणों की जांच कराई जाएगी।

तमिलनाडु हादसे को लेकर सीएम स्टालिन ने घटना में मृत मजदूरों की मौत पर ट्वीट कर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है। घायल मजदूरों के इलाज के लिए एक लाख रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया।




## वक्फ अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# बिना किसी ठोस मामले के कोर्ट इसमें नहीं कर सकतीं हस्तक्षेप

एजेंसी/नई दिल्ली

वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। सीजेआई बीआर गवई ने मंगलवार को वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकताओं से कहा कि संसद द्वारा पारित कानून में संवैधानिकता की धारणा होती है और जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता। कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं।



सीजेआई गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जो पिछले महीने कानून बन गया। इससे पहले कोर्ट ने तीन मुद्दे तय किए थे झ उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ, वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों का नामांकन और वक्फ के तहत सरकारी भूमि की पहचान। केंद्र ने तब आश्वासन दिया था कि वह मामले का हल होने तक इन मुद्दों पर कार्रवाई करेगा।

शीर्ष अदालत में जब सुनवाई शुरू हुई तो सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र ने इन तीन मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालांकि, याचिकाकताओं की लिखित दलीलें अब कई अन्य मुद्दों तक हैं। मेरा अनुरोध है कि इसे केवल तीन मुद्दों तक ही सीमित रखा जाए। याचिकाकताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने इस पर आपत्ति जताई। सिंघवी ने कहा कि तत्कालीन सीजेआई (संजीव खन्ना) ने कहा कि हम मामले की सुनवाई करेंगे और देखेंगे कि क्या अंतरिम राहत दी जानी चाहिए। अब हम तीन मुद्दों तक सीमित रहने के लिए नहीं कह सकते। सुनवाई के दौरान तुषार मेहता ने कहा कि बेंच ने पहले तीन मुद्दे उठाए थे स्टे के लिए। हमने इन तीनों पर जवाब दाखिल किया था, लेकिन अब लिखित दलीलों में और भी मुद्दे शामिल हो गए हैं।

# राजपुर में फाइलेरिया से ग्रसित युवक ने अवसाद में आकर लगाई फांसी

- राजपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव का रहने वाला था मृतक
- सुबह मिली जानकारी
- बीएचयू में चल रहा था निशांत का इलाज



**केटी न्यूज/बक्सर**

राजपुर थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहा मानसिक तनाव से जूझ रहे एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान निशांत पांडेय के रूप में हुई है, जो अशोक पांडेय का पुत्र था।

परिजनों के अनुसार, निशांत लंबे समय से फाइलेरिया की बीमारी से पीड़ित था, जिससे उसका एक पैर सूज गया था। इलाज के लिए कई जगह प्रयास किए गए, लेकिन कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। बीमारी के कारण वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहता था।

हालांकि, सोमवार की रात वह सामान्य था और परिवार के साथ बातचीत भी की थी। लेकिन मंगलवार सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला, तो परिजनों को शक हुआ। दरवाजा खटखटाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। खिड़की से झांकने पर उसका शव फांसी के फंदे से लटकता मिला, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया ताकि तकनीकी जांच की जा सके। प्राथमिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। आत्महत्या के पीछे की वजह मानसिक तनाव मानी जा रही है, लेकिन अन्य कोणों पर भी जांच जारी है।

### गांव में चलाया जाएगा एडीसी, दी जाएंगी फाइलेरिया रोधी दवाएं: डीएमओ

वहीं, मामले के संबंध में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि केशव टाइम्स में छपी खबर के बाद उन्हें इसकी जानकारी हुई। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से किसी की मौत नहीं होती। यह एक प्रकार का रुग्णता है, जो मरीज को दिव्यांग कर देता है। राजपुर में हुई वारदात के बाद प्राप्त सूचना के अनुसार निशांत का उपचार वाराणसी में चल रहा था। संभवतः वह अवसाद में होगा। इसके कारण उसने इतना बड़ा कदम उठाया हो। हालांकि, फाइलेरिया के प्रकोप को देखते हुए उक्त गांव में एक्टिव केस डिडेक्शन के लिए संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। इसके तहत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाएं भी खिलाई जाएंगी। ताकि, भविष्य में कोई भी फाइलेरिया के प्रकोप से ग्रसित न हो सके।

## एक नजर

### दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों से मिले सांसद



**डुमरांव।** मंगलवार को बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के भरियार गांव पहुंचे। उनका यह दौरा 18 मई को हुई उस दर्दनाक सड़क दुर्घटना से जुड़ा था, जिसमें गांव के ही एक परिवार के दो सदस्य एवं एक वाहन चालक की मौत हो गई थी। सांसद ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। घटना उस समय घटी थी जब भरियार गांव से एक बारात ब्रह्मपुर गई थी। यह बारात संजय बिंद के पुत्र की थी। शादी समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हुआ, लेकिन लौटते वक्त रास्ते में हुए हादसे ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया। हादसे में एक ही परिवार के दो सदस्य और गाड़ी का ड्राइवर मौके पर ही दम तोड़ बैठे। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सांसद सुधाकर सिंह ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे अकेले नहीं हैं। सांसद ने प्रशासन से जल्द मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रहे लगातार हादसों की ओर सांसद का ध्यान आकर्षित किया। सांसद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सड़क सुरक्षा पर ठोस कदम उठाने की बात कही।

### चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों और शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**बक्सर।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स, बक्सर की एक बैठक पीपी रोड स्थित होटल रिवर फ्रंट में मंगलवार को आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता चेंबर के अध्यक्ष सत्यदेव प्रसाद ने की। इस दौरान सर्वप्रथम पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों व शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही, सदस्यों ने दो मिनट का मौन भी रखा। इसके बाद वक्ताओं ने केंद्र सरकार और भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के ठिकानों को उड़ाने व सख्त कार्रवाई की सराहना की। सत्यदेव प्रसाद ने कहा कि भातीय सेना ने पाक आतंकियों के कई ठिकानों को ध्वस्त कर अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया। पूरे देश को हमारे सैनिकों पर गर्व है। वहीं, चेंबर के सचिव दौलत चंद गुप्ता ने कहा कि जिले का हर व्यवसायी अपने सम्मान व सुरक्षा की अपेक्षा करता है, लेकिन सरकार व प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। छोटे व्यापारी से लेकर बड़े उद्योगपति तक सभी टैक्स देते हैं, लेकिन सबको समान रूप से सुविधाएं नहीं मिलतीं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि 'एक देश, एक टैक्स, एक सुविधा' की नीति लागू होनी चाहिए। दूसरी ओर, बक्सर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष बृजकिशोर सिंह ने कहा कि बक्सर में उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन सरकारी उदासीनता के कारण वे मरणासन्न पर हैं। इस दिशा में सरकार सहयोग करें तो जिले के लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन संजय मिश्रा ने दिया। इस दौरान विनय कुमार सर्राफ, संजय कुमार मिश्रा, अनिल मानसिंहका, रोहतास गोयल, दीपक अग्रवाल, अशोक सर्राफ, मनोज केसरी, राजेश केसरी, अशोक सर्राफ, गोपाल केशरी समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

### बरात से लौट रहे जिले के युवक को रोहतास में अपराधियों ने मारी गोली

**बक्सर।** जिले के धनसोई थाना क्षेत्र के सिकठी गांव निवासी एक युवक को अपराधियों ने रोहतास जिले में गोली मार जख्मी कर दिया है। गंभीर अवस्था में उसका इलाज बिक्रमगंज के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

जख्मी युवक की पहचान सिकठी गांव निवासी मिथिलेश यादव के पुत्र ऋतुराज के रूप में हुई है। उसके साथ घटना को अंजाम बिक्रमगंज-नटवार मार्ग पर मैधरा व कोल्हा गांव के बीच रविवार की देर रात दिया गया है। जानकारी के अनुसार वह किसी बारात में शामिल होने के वापस अपने गांव लौट रहा था, इसी दौरान अपराधियों ने उसे गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसका इलाज बिक्रमगंज निजी अस्पताल में किया जा रहा है जहा युवक की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना रविवार की देर रात की है। इस घटना की जानकारी मिलते ही जहा घर मे कोहराम मच गया। जबकि गांव में भी घटना को लेकर सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार एक शादी समारोह में शामिल होने बिक्रमगंज गया था, जहां से वह देररात घर लौट रहा था। उसकी बाइक पर एक और परिचित युवक बैठा था। इसी दौरान कुछ अज्ञात अपराधियों ने नटवार के पास गोली मार दी। जिससे वह घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए बिक्रमगंज ले जाया गया। जहा उसका इलाज किया जा रहा है।

## दंगौली में चोरों ने घरवालों को नशीला पदार्थ सुंघा कर दिया बड़ी वारदात को अंजाम

# भीषण चोरी: 12 लाख रुपये के आभूषण समेत नगदी व कीमती सामान ले उड़े चोर

- आलमीरा का लॉकर खोल कर की चोरी, घर में थी मात्र दो लड़कियां
- अपनों की संलिप्तता से नहीं किया जा सकता है इन्कार



**केटी न्यूज/चौगाईं**

मुरार थाना क्षेत्र के दंगौली गांव में चोरों ने एक घर में चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने आलमीरा का लाकर खोल उसमें रखे 12 लाख रूपए मूल्य के आभूषण के अलावे नगद रूपए व कीमती सामान चुरा लिए है। घटना सोमवार मध्य रात्रि की है, उस समय घर में मात्र दो लड़कियां ही थी तथा गृह स्वामी की तबीयत खराब होने पर वे अपनी पत्नी के साथ इलाज कराने पटना गए थे।

आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने कोई नशीला पदार्थ का छिड़काव कर लड़कियों को गहरी नींद में सुला दिया था, जिस कारण उनकी नींद सुबह में भी नहीं खुल रही थी। देर सुबह घर का मुख्य दरवाजा खुला देख उनकी चाची आई तथा दोनों को जगा दरवाजा खुला होने का कारण पूछी। इसके बाद लड़कियों की नजर आलमीरा पर पड़ी तब उन्हें चोरी की बात समझ में आई। इसके बाद इस घटना की सूचना मुरार पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

चोरी की यह वारदात दंगौली गांव निवासी गोपालजी सिंह के घर में हुई है। जानकारी के अनुसार वे खाड़ी देश में रह नौकरी करते है तथा वहां की गाढ़ी कमाई का आभूषण बनवा बेटियों की शादी के लिए रखे थे। आलमीरा में मोटी रकम के अलावे कई कीमती सामान भी थे, जिन्हें चोरों ने चुरा लिए है तथा जो सामान उन्हें कीमती नहीं लगे उसे गांव के बाहर बधार में फेंक दिया।

**फारेंसिक टीम ने लिया घटना स्थल का जायजा :** पुलिस ने इस वारदात को सुलझाने के लिए फारेंसिक टीम का सहारा लिया है। जानकारी के घटना स्थल पर पहुंची फारेंसिक टीम ने चोरी की गुत्थी को सुलझाने के लिए कई नमूने एकत्र किए है, जिसके सहारे चोरों तक पहुंचने का प्रयास पुलिस करेगी। देखना है कि पुलिस की यह तरकीब कितने काम आ रही है।

**चोरी की इस वारदात के बाद भयजदा है ग्रामीण :** चोरी की इस वारदात की जानकारी मिलने के बाद से ग्रामीणों में दहशत कायम है। ग्रामीण इलाके में चोरों ने जिस दुस्साहस का परिचय दे इस घटना को अंजाम दिया है, उससे ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हो गए है। ग्रामीणों ने पुलिस से इस घटना में शामिल चोरों को शीघ्र पकड़ने की मांग की है।

कहते है थानाध्यक्ष

दंगौली गांव के एक घर में चोरी की जानकारी मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने इस घटना को चुनौती के रूप में लिया है। इस मामले के उद्भेदन के लिए कई बिंदुओं पर सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। लड़कियों द्वारा नशीला पदार्थ सुंघाने की जांच भी चल रही है। जल्दी ही इस घटना में संलिप्त चोरों को पकड़ लिया जाएगा। - अमन कुमार, थानाध्यक्ष, मुरार

### गृह स्वामी की बेटी ने दिया थाने में आवेदन



इस मामले में गृह स्वामी की पुत्री जागृति कुमारी ने मुरार थाने की पुलिस को लिखित आवेदन दिए है। पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार जागृति की माने तो चोरों ने आलमीरा को चाबी से खोल इस घटना को अंजाम दिया है। उक्त आलमीरे की चाबी घर में ही डब्बे में रखी गई थी, जिसकी जानकारी घरवालों के अलावे सिर्फ कुछ करीब लोगों को ही थी। ऐसे में इस घटना में किसी खास करीबी के होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। जागृति की मानें तो सुबह में चाची के आने के पहले तक दोनों बहनों की नींद नहीं खुल रही थी। ऐसे में जागृति ने यह आशंका भी जताई है कि चोरों ने उन्हें गहरी नींद में सुलाने के लिए किसी नशीले पदार्थ का छिड़काव किया होगा। बहरहाल उनके शिकायत पर पुलिस मामले सभी बिंदुओं पर सूक्ष्मता से पड़ताल कर रही है।

# प्रमिला देवी हत्याकांड: भाई के बयान पर दर्ज हुआ एफआईआर, आरोपित पति को पुलिस ने भेजा जेल

- पत्नी को आशिक के साथ आपत्तिजनक अवस्था में देख बटखरे से मार की थी हत्या

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय थाना क्षेत्र के लाखनडिहरा गांव में रविवार की रात हुए प्रमिला देवी हत्याकांड में उसके भाई के बयान पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपित पति सुनील साह को जेल भेज दिया है। वहीं, पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके आशिक पवन कुमार पासवान उर्फ मैना पासवान को छोड़ दिया है।

पुलिस को दिए आवेदन में मृतका के भाई व जमुई जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के मोरा गांव निवासी संतोष साह पिता बालमुकुंद साह ने जिक्र किया है कि रविवार की रात करीब एक बजे मेरे बहनोई सुनील कुमार साह ने ही मुझे फोन कर बताया था कि मैं प्रमिला की हत्या कर दिया हूं। यह सुन मैं लाखनडिहरा पहुंचा तो पता चला कि मेरी बहन का अवैध संबंध पड़ोस के सुदर्शन पासवान के पुत्र पवन उर्फ मैना के साथ था तथा दोनों को आपत्ति जनक अवस्था में देख मेरे बहनोई ने क्रोध में आकर इस घटना को अंजाम दिया है। संतोष ने इस मामले में पुलिस से उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। वहीं, एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने आरोपित सुनील साह को कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने बताया कि आरोपित को जेल भेजने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गौरतलब हो कि लाखनडिहरा के सुनील साह ने सोमवार की रात अपनी पत्नी प्रमिला को आशिक के साथ आपत्तिजनक अवस्था में रंगे हाथ पकड़ा था, जिसके बाद बटखरे से मार जहां अपनी पत्नी की हत्या की, वहीं उसके आशिक को भी जख्मी किया था। मंगलवार को भी इस घटना की चर्चा होते रही। वहीं, दूसरे दिन भी सुनील व प्रमिला के मासूम बच्चों के आंसू थमने के नाम नहीं ले रहे थे।

### नावानगर के तीन शिक्षकों का नियोजन रद्द

**नावानगर।** प्रखंड में तीन शिक्षकों की नियोजन को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई है। प्रखंड नियोजन समिति ने जांच के उपरांत इन तीनों शिक्षकों का नियोजन को रद्द कर दिया है। जिसमें मध्य विद्यालय मणियां में कार्यरत शिक्षक संजय कुमार सिंह व अमित कुमार सिंह व मध्य विद्यालय धनबखरा में कार्यरत आलोक कुमार सिंह का नाम शामिल हैं। बीडीओ मनोज कुमार ने एक पत्र जारी कर सूचना दी कि सात फरवरी व 25 फरवरी 2025 को पत्र के द्वारा तीनों शिक्षकों को जांच हेतु बुलाया गया था। लेकिन तीनों शिक्षक जांच के लिए नहीं पहुंचे। इसके बाद 13 मई को हुए नियोजन समिति के बैठक में निर्णय के उपरांत उक्त तीनों शिक्षकों को नियोजन से मुक्त किया गया।

# इस्माइलपुर में पुरानी रंजिश में चली गोलियां, एक युवक घायल

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र का इस्माइलपुर गांव मंगलवार को गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। अपराधियों ने दो युवकों को घेरकर ताबड़तोड़ फायरिंग की, हालांकि उनका संयोग बढ़िया था कि वे बच गए, इनमें एक युवक के बांह के पास गोली छू कर निकल गई है। इस मामले में दिलचस्प यह है कि आरोपित व पीड़ित दोनों पक्षों का अपराधिक रिकार्ड है तथा तथा दोनों शराब तस्करी में कई बार जेल जा चुके है।

घटना में पीड़ित छेड़खानी के केस को उठाने के लिए दबाव बनाने की नियत से गोलीबारी करने की बात कह रहा है तो वहीं इस मामले में शराब तस्करों के बीच वर्चस्व की जंग से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

घायल युवक की पहचान इस्माइलपुर निवासी मुन्ना राम (35 वर्ष) के रूप में हुई है। जहा युवक के परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। वहीं, इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची जहां युवक से घटनाक्रम की जानकारी के बाद आरोपितों की गिरफ्तारी के साथ घटना की जांच में जुट गई। पीड़ित ने मामले में शराब तस्करी में कुख्यात मोदी अंसारी व गोरख राम पर फायरिंग करने के आरोप लगाए है।



जानकारी के अनुसार मुन्ना राम अपने साले पिंटू कुमार के साथ सेंट्रल जेल में किसी कैदी से मुलाकात कर वापस लौट रहा था। जैसे ही दोनों अपने मोहल्ले में घर के दरवाजे पर पहुंचे, पहले से घात लगाए तीन हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली मुन्ना राम की बांह को छूती हुई निकल गई, वहीं पिंटू कुमार किसी तरह मौके से भाग निकला। घायल मुन्ना राम को तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया। जहा इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में मुन्ना राम द्वारा इस्माइलपुर के दो लोग मोदी अंसारी व गोरख चौधरी को आरोपित बनाया है। उसके द्वारा बताया जाता है कि उससे पुराने मामले में केस उठाने का दबाव में यह गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। इधर, पुलिस का कहना है गोली से घायल मुन्ना राम व गोली मारने वाले दोनो पर शराब तस्करी के कई केस दर्ज है। हो सकता है गोलीबारी की यह घटना शराब तस्करी से जुड़े पुराने विवाद का नतीजा हो। सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि घायल मुन्ना राम और आरोपितों का आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों पक्षों के बीच पहले से रंजिश भी चली आ रही थी।

## भूमि विवाद के निपटारे के लिए अनुमंडल स्तरीय जनता दरबार आयोजित, बोले एसडीएम...

# अतिक्रमण के लंबित मामले जल्द निपटाएं

- डुमरांव एसडीएम ने सीओ व थानाध्यक्ष को दिया 10 दिनों का अल्टिमेटम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के लंबित मामलों को हर हाल में इस माह के अंत तक निपटाए तथा भूमि विवाद के मामलों के निष्पादन में तेजी लाए। निष्पादित मामलों की प्रवृष्टि भूमि समाधान पोर्टल पर करें। उक्त बातें डुमरांव एसडीएम राकेश कुमार ने कही।

मंगलवार को उनकी अध्यक्षता में भूमि विवाद के निपटारे के लिए अनुमंडल स्तरीय जनता दरबार को आयोजन किया गया था। इस जनता दरबार में तीन मामले आए, जिनमें दो का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया, जबकि एक मामले के लिए अगली तिथि मुकर्रर की गई। जानकारी के अनुसार इस दौरान कठार, ब्रह्मपुर व रेहियां गांव से एक-एक मामले आए थे, जिनमें कठार व ब्रह्मपुर से आए भूमि विवाद का निपटारा कर दिया गया, जबकि रेहिया गांव से आए मामले में मापी कराने का निर्देश देते हुए अगली तिथि मुकर्रर की गई है।

एसडीएम ने बताया कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद के निपटारे के लिए प्रत्येक शनिवार को थानों में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। उन्होंने सीओ व थानाध्यक्षों को भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निपटारे में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि पारदर्शी तरीके से काम करने पर भूमि विवाद को आसानी से निपटाया जा सकता है। वहीं, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने सभी थानाध्यक्षों को अतिक्रमण हटाने में प्रशासन का सहयोग करने का निर्देश दिया।

### सरकारी भूमि पर अतिक्रमण पर एसडीएम सख्त

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ एसडीएम सख्त दिखे। उन्होंने अंचल वार अतिक्रमणवाद की समीक्षा की तथा जिन जगहों पर मामले लंबित मिले वहां के सीओ व थानाध्यक्ष को शीघ्र अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराना प्रशासन की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि इस माह के अंत तक सभी तरह के अतिक्रमण का निपटारा कर लेना है। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि भूमि विवाद के निपटारे के लिए प्रत्येक शनिवार थानों में अचूक रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाए।

CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON
Affiliated to C.B.S.E., Delhi, Up to (10+2)- Aff. No. 330723, SCHOOL No. 65720
Harnahi Road, Dumraon, Buxar - 802119
8210918840, 7319972175, 6393686958 www.cambridgeschooldumraon.com facebook.com/CAMBRIDGEDUMRAON
A CO-EDUCATIONAL SCHOOL FROM NURSERY TO STD. XII
ADMISSION NOTICE FOR STD. XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS)
OUTSTANDING PERFORMANCE OF OUR STUDENTS IN AISSE (Std. X) & AISSCE (Std. XII) CBSE BOARD EXAMS 2025
SCHOOL TOPPER- STD. XII
SARTHAK RAJ MISHRA 92%
SUBJECT WISE HIGHEST MARKS IN STD. XII

| | | | |
|---|---|---|---|
| Chemistry | 98 | Biology | 91 |
| English Core | 97 | Physics | 91 |
| Physical Education | 96 | Business Studies | 86 |
| Mathematics | 92 | Economics | 83 |

TOPPERS- STD. X
1st KHUSHI KUMARI 95.2%
2nd ANSH RAJ SINGH 94.8%
2nd PRAGATI KUMARI 94.8%
2nd SHREYA RAJ 94.8%
3rd ANMOL RAJ VATS 94%
3rd MOHIT KUMAR SINGH 94%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Mathematics | 100 | Sanskrit | 100 | Social Science | 97 |
| Science | 100 | English | 95 | Hindi | 94 |

INFORMATION
The Information & Admission Cell at the JUNIOR WING, Dr. Jagnarayan Singh Hospital Campus, will remain open on all working days (Mon. - Sat.) from 9:00 am - 01:00 pm also during Summer Vacation.
LIMITED SEATS. HURRY UP!!!
REGISTRATION IS GOING ON FOR ADMISSION TO CLASS XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS) FOR THE ACADEMIC SESSION 2025-26. CLASSES WILL START FROM 23 JUNE, 2025.
SCHOLARSHIP SCHEME
CANDIDATES WITH 90% & ABOVE WILL BE GIVEN HALF FREESHIP (50% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII. OTHER CHARGES ARE PAYABLE FOR BOTH CLASSES.
INTEGRTION OF FOUNDATION CLASSES FOR NEET AND JEE MAINS IN CURRICULUM.
CHAIRMAN- MR. T.N. CHOUBEY

# 10 दिनों से सिमरी रोड में घनी आबादी के बीच डंप हो रहा है कूड़ा

- पुराना भोजपुर से सिमरी जाने वाले रोड में एनजीओ द्वारा डंप किया जा रहा कचरा
- कूड़े से निकल रही बदबू से लोग परेशान



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद की सफाई व्यवस्था केश फैसलीटीज को वर्ष 2025-26 के लिये 92 लाख प्रतिमाह पर दिया गया है। यही सफाई व्यवस्था में पिछले वर्ष 2024-25 में 42 लाख रुपए खर्च होते थे। इसको लेकर नगर में तरह-तरह की चचाओं का बाजार गर्म है। एनजीओ के साथ जो इकरारनामा हुआ है, उसके मुताबिक कार्य संपादित नहीं हो रहे हैं। एनजीओ द्वारा कूड़े को डंफ रिहायशी इलाके में किये जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

पुराना भोजपुर के वार्ड नंबर 10 के सिमरी रोड में लगभग दस दिनों से सफाई एनजीओ के द्वारा कूड़े को डम्फ किया जा रहा है। कूड़ा डम्फ होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्कूल जाने वाले बच्चे हो या घर में रहने वाले परिवार सभी को कूड़े से निकल रही बदबू से बीमारी फैलने का डर बना हुआ है।

मालूम हो कि सफाई एनजीओ की मनमानी से नगर हो या विस्तारित क्षेत्र कूड़े को डंफ किये जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। एनजीओ द्वारा कूड़ा डंफ करने के लिये कोई स्थायी स्थल को चयनित नहीं किया गया है। उसके द्वारा कूड़े का उठाव कर घनी अबादी के बीच डंफ कर नगरवासियों की मुसिबत को और बढ़ा दिया जाता है। नप के विस्तारित क्षेत्र के वार्ड संख्या दस के सिमरी रोड में लगभग दस दिनों से कूड़ा डंफ किया जा रहा है। रैयती जमीन में कूड़ा डंफ किये जाने से लोगों में आक्रोश है। वार्ड के अगस्त पाठक, गौरी पाठक, चुन्नु पाठक, मदन शुक्ला सहित अन्य लोगों का कहना है कि नप में कार्यरत सफाई एजेंसी रात के अंधेरे में कूड़ा डंफ कर दे रहा है। इस पर नप चेयरमैन और ईओ को एजेंसी पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इनका कहना है कि एनजीओ को शहर की सफाई के लिये इसलिये रखा गया है कि लोग स्वस्थ्य और सुरक्षित रह सकें, इधर एनजीओं रिहायशी इलाके में कूड़ा डंफ कर बीमारी को बढ़ावा दे रहा है। मामले में जब ईओ मनीष कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जांच कराते हुए एनजीओ से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा।

# उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटना में हुई बक्सर के युवक की मौत, पसरा मातम

**केटी न्यूज/बक्सर**

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के जमानिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भदौरा-जमानिया मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव निवासी एक युवक की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजन और गांव के कुछ लोग तत्काल जमानिया के लिए रवाना हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक सोनू राजभर (उम्र 35 वर्ष) जैतपुरा निवासी सुभाष राजभर का पुत्र था। वह पेशे से चापाकल मिस्त्री था और अधिकतर काम के सिलसिले में यूपी के भदौरा क्षेत्र में रहता था। परिवार में वह अकेला कमाने वाला था। बताया जाता है कि वह आवश्यक सामान की खरीदारी के लिए जमानिया गया था। लौटते समय उसकी बाइक किसी बड़े वाहन से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक की जेब से मिले कागजात के आधार पर उसकी पहचान की। इसके बाद राजपुर थाना पुलिस के माध्यम से परिजनों को सूचित किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## राजस्व एडीएम ने राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में जताई नाराजगी, कहा...

# 25 तक राजस्व कर्मचारी हड़ताल से वापस नहीं लौटे तो होगी सख्त कार्रवाई

- 75 दिनों से अधिक लंबित मामलों का सात दिनों में निष्पादन करेंगे सभी सीओ



**केटी न्यूज/बक्सर**

एडीएम (राजस्व) कुमारी अनुपम सिंह ने मंगलवार को जिले में राजस्व कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम ने विभिन्न मुद्दों पर दिशा-निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत में एडीएम ने बीते सात मई से हड़ताल पर गए राजस्व कर्मचारियों के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान बताया गया कि सभी अंचलों के मिलाकर जिले में कुल 70 राजस्व कर्मचारियों हैं, जिनमें 42 कर्मचारी हड़ताल पर हैं। वहीं, शेष 28 कर्मचारी अपने कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं। इस संबंध में नाराजगी जताते हुए एडीएम ने सभी सीओ को हड़ताल पर गये हुए राजस्व कर्मचारियों को वापस लौटने के लिए सख्त निर्देश जारी किया है। उन्होंने सख्ती के साथ कहा कि यदि 25 मई, 2025 तक हड़ताल से वापस नहीं आते हैं तो उन पर अनुशासनिक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजें।

एडीएम ने समीक्षा के दौरान राज्य के भूमिहीन सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों का सर्वेक्षण कर भूमि आवंटित कर ऑनलाईन पर्चा निर्गत करने का निर्देश दिया। साथ ही, बक्सर जिला में अभियान बसेरा-2 के तहत सर्वेक्षित सुयोग्य श्रेणी के 2725 भूमिहीन में से मात्र 2427 लाभुकों को भूमि आवंटित की गई है। सभी सीओ को निर्देश दिया गया था कि यथाशीघ्र शेष सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीन लाभुकों को भूमि आवंटित करते हुए ऑनलाइन पर्चा निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, नॉट फीट फॉर अलॉटमेंट वाले लाभुकों का प्रत्येक पंचायत में 10 प्रतिशत रैंडम जांच कर एक सप्ताह के अन्दर प्रतिवेदन देंगे। नॉट फिट फॉर अलॉटमेंट वाले लाभुकों की रैंडम जांच कर गलत ढंग से अनफिट किए गए लामुकों के संदर्भ में राजस्व कर्मचारियों एवं सीओ को चिह्नित करते हुए विभागीय कार्रवाई का प्रस्ताव उपलब्ध कराने के लिए बक्सर एवं डुमरांव डीसीएलआर को सख्त निर्देश दिया गया।

**190 मामले में नहीं की गई दाखिल-खारिज की कार्रवाई :** समग्र सेवा योजना के तहत विभागीय निर्देश के आलोक में सुयोग्य श्रेणी के छुटे हुए शेष लाभुकों को सर्वेक्षित कर भूमि आवंटित कराएं। साथ ही, सीओ यथाशीघ्र पर्चा निर्गत करें। साथ ही, सभी सीओ को निर्देश दिया कि 75 दिनों से ज्यादा वाले लंबित सभी मामलों का निष्पादन एक सप्ताह के अन्दर करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं, सरकारी भूमि का दाखिल खारिज की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अंचल-ब्रह्मपुर, बक्सर, डुमरांव, नावानगर एवं सिमरी का कुल 195 वाद की प्रविष्टि पोर्टल पर पाई गई, जिसमें चार मामले में भूमि का हस्तांतरण एवं एक मामले में भूमि का सेटलमेंट किया जा चुका है। शेष 190 मामले का अब तक दाखिल-खारिज की कार्रवाई नहीं की गयी है, जो अत्यन्त ही खेदजनक है। सभी सीओ जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, बक्सर से समन्वय स्थापित कर उक्त भूमि का विवरण प्राप्त करते हुए संबंधित विभाग के नाम से भूमि का यथाशीघ्र दाखिल-खारिज करना सुनिश्चित करेंगे।

**एडीएम ने सीओ को दिए कई निर्देश :** बैठक में एडीएम ने कहा कि रैयतों द्वारा लगान की राशि ससमय जमा नहीं की जाती है तो सीओ उनके विरूद्ध नीलाम पत्र वाद दायर कर नियमानुसार कार्रवाई करें। साथ ही, राजस्व संबंधी प्राथमिकता वाले अन्य कार्यों यथा परिमार्जन प्लस, भू-मापी, लगान वसूली में प्रगति लाएं। उन्होंने सभी सीओ को निदेश दिया कि राजस्व संबंधी प्राथमिकता वाले कार्यों में प्रगति लाते हुए कार्य करेंगे। सभी पदाधिकारी कार्यालय में आने वाले आगंतुकों की बातों को तत्परता के साथ सुनेंगे और उनकी समस्याओं का यथासंभव नियमानुसार शीघ्र निष्पादन करेंगे। गर्मी के मौसम को देखते हुए सीओ अपने संबंधित नगर परिषद एवं नगर पंचायत के द्वारा पेयजल की सुविधा की जांच करेंगे।

### सीएम ने किया 1002 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

**बक्सर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत कुल 1002 करोड़ रुपये की लागत से एक हजार 327 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही पटना स्मार्ट सिटी मिशन परियोजनान्तर्गत ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन का आईसीसीसी से एकीकरण एवं स्वचालन योजना का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। उक्त कार्यक्रम को लाइव वेबसाइटिंग के माध्यम से समाहरणालय सभा कक्ष में प्रसारित किया गया। लाइव वेबसाइटिंग में अंशुल अग्रवाल जिला पदाधिकारी बक्सर ने भाग लिया।

# अंग्रेजों के जमाने में बनी अकालुपुर की पुलिया जर्जर, लगातार हो रहे हैं हादसे

- ओवर लोड ट्रकों के परिचालन से खराब हो गई है स्थिति, प्रशासन के फरमान को दरकिनार कर रहे ट्रक चालक



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव राजवाहा पर अंग्रेज के जमाने की बनी पुलिया हादसे पर हादसे का गवाह बनते जा रही है, लेकिन इसके उद्धार करने के विषय में कोई नहीं सोच रहा है।

मालूम हो कि हाल ही में अकालूपुर पुलिया पर हुए हादसे में तीन लोग जहां घायल हो गए थे, वहीं एक की मृत्यु हो गई है। घटना औद दुर्घटना के बाद जन प्रतिनिधि से लेकर अधिकारी तक पुलिया को बनाने की बात करते हैं, वहीं कुछ दिन गुजरने के बाद अपने वादे को भूल जाते हैं। पुलिया के निर्माण कराने के वादे का सिलसिला दशकों से चला आ रहा है, लेकिन किसी ने इस पर अमल नहीं किया है।

मालूम हो की डुमरांव राजवाहा पर अकालूपुर के पास दो जर्जर पुलिया है, दोनों पुलिया से छोटे से लेकर भारी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। पुलिया तो जर्जर हो ही चुका है, उस पर चढ़ना और उतरना उससे भी खतरनाक हो गया है। उतरने वाले रास्ते के दोनों तरफ कटाव होने से कच्चा रोड सिमट पगडंडी का रूप ले लिया है। ऐसे में जब वाहन को चालक पुलिया से नीचे उतारते हैं तो उनका बैलेंस असंतुलित हो जाता है, जिससे पलटने का डर बराबर बना रहता है। ऐसी घटनाओं में एक बार ब्रह्मपुर के सीडीपीओ की गाड़ी भी पलट चुकी है, जिसमें वे घायल हो गई, जिसमें उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ गया था। फिर एकबार सिमरी निवासी एक अधिकारी का वाहन पलट गया था, जिसमें वे घायल हो गए थे। बालू, ईंट और गिट्टी लदे वाहन तो कईबार घायल हो चुके हैं।

इस संबंध में स्थानीय विधायक अजीत कुशवाहा को पुलिया बनाने का ख्याल अब आया है, जब दुर्घटना के बाद मौत हो गई। बहरहाल आगे जो भी हो, लेकिन अकालूपुर पुलिया को बनवाना निहायत ही जरूरी हो गया है।




# प्रखंड मुख्यालय के पास सरकारी जमीन पर खुले दुकानों को हटाने का सीओ ने दिया नोटिस

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड मुख्यालय के पास सरकारी जमीन पर अवैध रूप से संचालित हो रही दुकानों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। मंगलवार को सीओ रानी कुमारी ने इन दुकानदारों को नोटिस जारी कर जल्द से जल्द दुकानें हटाने का निर्देश दिया है।

सीओ ने बताया कि उक्त जमीन सरकारी है और उस पर अनधिकृत कब्जा किया गया है। पूर्व में भी कई बार चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन दुकानदारों द्वारा इसे नजरअंदाज किया गया। अब अंतिम चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के भीतर जमीन खाली करने को कहा गया है, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई कर दुकानों को हटाया जाएगा। इधर सीओ के सख्त रुख से दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। कई दुकानदारों ने वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। वहीं, आम लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटने से मुख्यालय क्षेत्र की सुंदरता और यातायात व्यवस्था दोनों में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण या व्यवसायिक उपयोग कानूनन गलत है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय के पास सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण कर लोगो द्वारा दुकान खोला गया है। साथ ही प्रखंड मुख्यालय के पास सीएचसी जाने वाले रास्ते में चाय, गुटखा तथा सब्जी की दुकानें, नाश्ता की दुकानें, लोहे का कटरा में फोटो स्टेट व अन्य तरह की आवेदन फॉर्म का दुकान खोला गया है।

# विधानसभा चुनाव के लिए हम सभी तैयार, इस बार भी नहीं खुलेगा एनडीए का खाता: मनोज पांडेय



**केटी न्यूज/बक्सर**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार मंगलवार को बक्सर जिला कांग्रेस कमिटि ने ब्रह्मपुर विधानसभा अंतर्गत ब्रह्मपुर प्रखंड के रघुनाथपुर, गायघाट व चक्की प्रखंड के स्थानीय गांव में कांग्रेस ने आक्रोश चौपाल एवं हर घर कांग्रेस झंडा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी मनीष पटेल ने कहा कि आने वाले दिनों में ब्रह्मपुर विधानसभा के 17 पंचायतों में जन आक्रोश चौपाल एवं हर घर कांग्रेस झंडा वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि पूरे जिला में इस तरह के कार्यक्रम हर प्रखंड और पंचायत में चल रहा है, जहां प्रतिदिन सैकड़ो घरों में कांग्रेस का झंडा लगाया जा रहा हैं एवं चौपाल आयोजित कर आम जनता की बातों को सुना जा रहा है एवं गंभीर समस्याओं को अपने मेनिफेस्टो में डालने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों में उत्साह देखकर ऐसा लगता है कि कांग्रेस बिहार में मजबूत विकल्प के रूप में खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि इस बार भी जिले में एनडीए का खाता नहीं खुलेगा। मौके पर वरीय नेता त्रिलोकीनाथ मिश्र, प्रतिनिधि विनय सिंह, संजय पांडेय, डॉ. चंद्रशेखर पाठक, लाल बाबू मिश्र, वीरेंद्र राम, जमील अंसारी, मुर्तुजा अंसारी, रासबिहारी ठाकुर, चक्की प्रखंड अध्यक्ष भरत यादव समेत दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे।

## डुमरांव राज हाई स्कूल में नए सत्र के लिए किया गया एनसीसी कैडेट्स का चयन, बोले प्राचार्य

# एनसीसी से बच्चे सीखेंगे अनुशासन व सेवा का पाठ

- सेकेंड डिफेंस ऑफ लाईन के रूप में जाना जाता है एनसीसी, छात्रों ने उत्साह से चयन प्रक्रिश में लिया हिस्सा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नये शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राज हाई स्कूल में एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया। चयन के लिए छात्रों का दौड़, फिजीकल मैप, लंबी व उंची कूद सहित कई अन्य टेस्ट लिए गए तथा सफल छात्रों को एनसीसी प्रशिक्षण देने के लिए चयनित किया गया। इस दौरान छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

कैडेट्स का चयन 30 बिहार बटालियन एनसीसी बक्सर के समादेशीय पदाधिकारी कर्नल रितेश रंजन की देखरेख में व राज हाई स्कूल डुमरांव के प्रधानाध्यापक अनुराग मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस दौरान सूबेदार मेजर दुबराज साहू, सूबेदार महेश प्रसाद, हवलदार गंगाधर एवं हरिबीड़ी, एनसीसी शिक्षक अभयनंद प्रजापति व डॉ. संजय रंजन सिन्हा ने कैडेट्स चयन का बारीकि से निरीक्षण किया तथा स्वस्थ्य व दक्ष कैडेट्स का चयन किया गया। मौके पर राज हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक अनुराग ने कहा कि उनके विद्यालय में एनसीसी की परंपरा काफी पुरानी रही है। उन्होंने कहा कि यहां के एनसीसी कैडेट्स काफी उंचाई तक पहुंचते है तथा देश सेवा में पूरे अनुमंडल इलाके का नाम रौशन करते है। उन्होंने उम्मीद जताया कि नयें सत्र के लिए चयनित छात्र भी देश सेवा के पथ पर आगे बढेंगे तथा सामाजिक कार्यों व आपदा के समय पीड़ित मानवता की सेवा के साथ ही एकता व अनुशासन का पाठ अपने जीवन में सीखेंगे।

एनओ डॉ. संजय रंजन सिन्हा ने बताया कि एनसीसी का उदेश्य छात्रों में एकता व अनुशासन के साथ देश सेवा की भावना जगाना व उन्हें मिलिट्री साइंस की जानकारी दे देश के सेकेंड डिफेंस ऑफ लाइन के तौर पर तैयार करना है। चयनित छात्रों को एक साल तक स्कूल में ड्रिल व सोसल वर्क के अलावे कई तरह की जानकारी दी जाएगी जबकि समय-समय पर आयोजित एनसीसी कैंपो में छात्रों को विपेंस ट्रेनिंग, मैप रिडिंग, प्राथमिक चिकित्सा, आत्मरक्षा आदि कई तरह का प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा का निखारा जाता है।



चरपोखरी थाना क्षेत्र के दयाल छपरा गांव में मंगलवार को घटी घटना

# आरा में बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

♦ इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी ले जाने के दौरान उसने रास्ते में तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मझियांव-चांदी नहर मार्ग पर दयाल छपरा गांव में बालू लदे ट्रैक्टर ने भाई के छेका से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी ले जाने के दौरान उसने रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा।



जानकारी के अनुसार मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के दयाल छपरा गांव निवासी सरोज राम का 28 वर्षीय पुत्र लवकुश कुमार है। वह गुजरात के सूरत में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इधर मृतक के छोटे आकाश कुमार ने बताया कि उसके छोटे भाई का छेका होने था। जिसको लेकर अप्रैल महीने में सूरत से वापस गांव आया था। सोमवार की शाम वह अपने छोटे भाई का छेका लेकर रोहतास जिला के कैथी गांव गया था। मंगलवार की सुबह जब वह बाइक से वापस बाइक से गांव लौट रहा था। उसी दौरान दयाल छपरा गांव के समीप बालू लदे ट्रैक्टर ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद वहां मौजूद ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां चंद्रावती देवी, पत्नी सुनीता देवी व दो पुत्र आर्यन,अमन एवं एक पुत्री रिधी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां चंद्रावती देवी, पत्नी सुनीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सहारा में एटीएम बदलकर निकाले 37 हजार रुपए

**सहार।** सहार बस पड़ाव स्थित थाना रोड पर स्थित इंडिया एटीएम से उचक्कों ने एक ग्राहक का एटीएम बदलकर उसके खाते से साढ़े 37 हजार रुपये उड़ा लिए। गुलजरपुर गांव निवासी शिव परसन दास रुपये निकालने के लिए सहार बस स्टैंड स्थित इंडिया एटीएम आये थे। वहां उन्होंने एटीएम से पांच हजार रुपये की निकासी की, मगर मशीन में एटीएम फंस गया। काफी देर तक निकालने के प्रयास के बाद भी एटीएम नहीं निकला तो पिता-पुत्र ने कॉल कर बंद करवा दिया। बाद में आकर फंसे हुए एटीएम कार्ड निकाले।

## नोखा में आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम में लोगों ने सुनाई समस्या, चेयरमैन बोले जल्द निदान

**केटी न्यूज/नोखा**



नोखा (रोहतास) नगर परिषद क्षेत्र के मध्य विद्यालय ठेकही बलिरामपुर के प्रांगण में मंगलवार को आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर परिषद सभापति राधेश्याम सिंह ने संयुक्त रूप से की। संचालन वार्ड पार्षद तेज नारायण चौधरी ने किया। अवसर पर सभामें उपस्थित सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याओं को रखते हुए पानी की किल्लत, छठ घाट, नल जल शौचालय, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पीसीसी सड़क निर्माण सहित अन्य मुख्य समस्याओं को पदाधिकारियों के समक्ष रखा। विदित हो कि नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार नगर पर्षद के नवविस्तारित क्षेत्रों में आपका शहर आपकी बात मोहल्ला सभा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। लोगों ने सुविधाओं की उपलब्धता व विकास कार्यों के शीघ्र व समुचित कार्यान्वयन के उद्येश्य से नगर पर्षद के नवविस्तारित सभी दस वार्डों में आपका शहर आपकी बात मोहल्ला सभा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर नगर प्रशासन द्वारा अलग अलग तिथि जारी की गई है। कार्यक्रम में लोग ने कहा की नलजल लगा है पानी कब मिलेगा कई महीने से पानी के लिए परेशान है। खासकर गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत से होने वाली परेशानियों से लोगों को निजात दिलाने की मांग की। समस्या के मद्देनजर जलमिनार का निर्माण, पर्यावरण के लिए पौधरोपण तहत सीटी प्लानर सह नोडल पदाधिकारी विनय चन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि नगर परिषद के करीब 30 लोगों ने मौखिक रूप से अपनी समस्याओं कों रखा है, जिन्हे रजिस्टर पर नोट कर लिया गया है। जो मोहल्ला सभा की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए नगर आवास विभाग और जिला प्रशासन को भेजा जाएगा। मौके पर सिटी मैनेजर प्रवीण कुमार ओझा, राजेंद्र सिंह, सत्यनारायण प्रसाद, संजय कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## मासूम पुत्र के मुखाग्नि से पंचतत्व में विलीन हुए पत्रकार समरेश

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र के दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार समरेश पांडे मंगलवार को अपने पैतृक गांव संसार डिहरी स्थित मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हो गए। जिनको मुखाग्नि उनके 6 वर्षीय बड़े पुत्र प्रियांश पांडे ने दिया। जहां सैकड़ों के तादाद में जिला क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्र के पत्रकारों के अलावा राजनीति, सामाजिक, बुद्धिजीवी सहित अन्य लोगों ने उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मालूम हो कि पत्रकार समरेश पांडे कुछ समय से बीमार थे। जिनका दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में सोमवार को करीब 11 बजे देहांत हो गया। जिनके असामयिक निधन की खबर मिलते ही रोहतास जिला के पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दिल्ली से एंबुलेंस द्वारा काराकाट के उनके पैतृक गांव संसार डिहरी लाया गया।

## तिलौथू प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को स्वास्थ्य कर्मियों ने दी भावुक विदाई

**केटी न्यूज/तिलौथू**



तिलौथू (रोहतास) स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दयानंद प्रसाद के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई समारोह आयोजित हुई। अवसर पर विभिन्न स्वास्थ्य कर्मियों ने उन्हें फूल माला पहना अंगवस्त्र भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, जबकि महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने भी उन्हें भावुक होकर विदाई दी। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने उनके कार्यकाल को सराहनीय और प्रेरणास्पद बताया। जबकि सभा संबोधन में डॉ. दयानंद प्रसाद ने कहा स्थानांतरण एक सरकारी प्रक्रिया है, लेकिन तिलौथू पीएचसी से जो सहयोग मिला, वह अविस्मरणीय रहेगा। आकांक्षी प्रखंड के तहत किए गए कार्यों में भी तिलौथू पीएचसी ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। मेरे कार्यकाल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना हुई। उन्होंने बीएचएम अमरेंद्र कुमार के विशेष सहयोग के लिए उनका आभार प्रकट किया। जबकि डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी जैसे संकट में डॉ. दयानंद ने पूरे प्रखंड को संभालते हुए कुशल नेतृत्व प्रदान किया। उनके मार्गदर्शन में पीएचसी ने बेहतरीन कार्य किया।

## दिव्यांशु की पुण्यतिथि पर 30 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**केटी न्यूज/तिलौथू**



तिलौथू (रोहतास) दिवंगत दिव्यांशु की पुण्य स्मृति में मंगलवार को स्वर्णकार गली स्थित निःशुल्क पाठशाला में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें 30 बच्चों के बीच स्वच्छता किट,साबुन, टूथपेस्ट व ब्रश का वितरण किया गया। स्वच्छता किट का यह वितरण शिशु संस्कार केंद्र, जयनगरा के उमेश शुक्ला के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्रज्ञा ट्रेडर्स के प्रो. संजय कुमार तथा टीएसओ संदीप जायसवाल के सौजन्य से 15 निःशुल्क पाठशालाओं के 6 सौ बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मैकू राम ने अपने कर-कमलों से बच्चों को सामग्री वितरित की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित करना एवं उनके भीतर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना अत्यंत सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम का संचालन सत्यानंद कुमार ने किया। मौके पर कृति कुमारी, चंचल कुमारी, सरोज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सेमरिया पड़रिया खेल मैदान में क्रिकेट महाकुंभ में भिड़ेगी टीमें

# बड़हरा में डे-नाइट रणधीर सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट आज से, 28 को होगा फाइनल

**केटी न्यूज/बड़हरा**



बड़हरा प्रखंड अंतर्गत सेमरिया पड़रिया खेल मैदान में रणधीर सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट आज से शुरू होगा। इस टूनार्मेंट का नाम बड़हरा क्रिकेट लिग गखा गया है। पूर्व एमएलसी रण विजय सिंह राजापुर वाले ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सेमरिया पड़रिया खेल मैदान में क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रिकेट टूनार्मेंट का शुरूआत 21 मई से होगा और 28 मई को फाइनल के साथ सम्पन्न हो जायेगा। इस क्रिकेट महाकुंभ में बड़हरा, कोईलवर और आरा सदर के क्रिकेट टीम भाग लेंगे। यह टूनार्मेंट डे नाइट संचालित किया जायेगा।

दिन में क्रिकेट महाकुंभ शाम 3:30 बजे से लेकर रात्रि की आठ बजे तक आयोजित किया जाना है। क्रिकेट टूनार्मेंट में बड़हरा बुलेट्स, कोईलवर कमांडो और आरा मुफस्सिल फाइटर्स के अलावे अन्य टीम भाग लें रही हैं। उन्होंने बताया कि अब सेवा संकल्प संवाद के तहत बड़हरा विधानसभा के लोगों के बीच जनता दरबार, कंबल वितरण, बाढ़ राहत सामग्री वितरण, चश्मा वितरण, नेत्र जांच, एंबुलेंस सेवा, पशु चिकित्सा और पुरस्कार वितरण करने के बाद अब खेल आयोजन करने की ओर अग्रसर हो रहे है। खेल के माध्यम से समाज को जोड़ने का काम किया जायेगा।

इससे युवाओं को अपने जीवन के लक्ष्य की ओर बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। इस टूनार्मेंट में मैन ऑफ द सीरीज स्प्लेंडर प्लस बाइक और प्लेयर ऑफ द मैच साइकिल दिया जायेगा। वही विजेता टीम को शिल्ड और सांत्वना पुरस्कार में थैला और बोतल दिया जायेगा। इसके अलावा खिलाड़ियों को अन्य पुरस्कार भी दिया जाएगा।






# निजी स्कूलों पर शिक्षा विभाग ने कसा शिकंजा, अब करना होगा निबंधन

**केटी न्यूज/पटना**




निजी स्कूलों के लिए अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। दरअसल, शिक्षा विभाग ने राज्य के लगभग 40,000 निजी स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। इन स्कूलों को अब पढ़ाई की गुणवत्ता और इंफ्रास्ट्रक्चर के आधार पर ही सीबीएसई मान्यता दी जाएगी। पिछले साल शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलो से ऑनलाइन माध्यम से संबद्धता के लिए आवेदन मांगे थे।

इसमें 23,456 स्कूलों ने आवेदन प्रस्तुत किया। अब इन विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत संरचना की जांच की जाएगी।केंद्र सरकार ने उड़ए से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर जांच की जिम्मेदारी राज्य सरकार को सौंपी है। इसी के तहत, बिहार शिक्षा विभाग ने सभी जिलों में निजी विद्यालयों की जांच की योजना बनाई है। निजी स्कूलों को जिला शिक्षा अधिकारी से एनओसी प्राप्त करना होगा। प्रत्येक जिले में डीएम या डीडीसी की अध्यक्षता में एक जांच टीम गठित की जाएगी, जिसमें संबंधित जिले के ऊ्रड भी शामिल होंगे।

शिक्षा विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, पहले उड़ए और राज्य सरकार दोनों मिलकर इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच करते थे, जिससे मान्यता की प्रक्रिया में कई साल लग जाते थे। साथ ही, पढ़ाई की गुणवत्ता पर अपेक्षाकृत कम ध्यान दिया जाता था। नए नियमों के तहत उड़ए अब स्कूलों के लर्निंग आउटकम पर विशेष फोकस करेगी। इसके तहत शिक्षकों की योग्यता, प्रशिक्षण, वेतन और प्रयोगशाला आदि की समीक्षा होगी।छात्रों की शैक्षणिक योग्यता की जांच की जाएगी यानी यह देखा जाएगा कि वे जिस कक्षा में पढ़ रहे हैं, उसका पाठ उन्हें आता है या नहीं। यह पूरी जांच प्रक्रिया पारदर्शी होगी और रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर जारी की जाएगी, जिससे अभिभावकों और अन्य हितधारकों को स्कूल की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सकेगी। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि जो विद्यालय नियमों का पालन नहीं करेंगे या जिनकी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं होगी, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अचानक बेहोश होने लगे स्कूल के बच्चे, मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/पटना**

बढ़ती भीषण गर्मी अब बच्चों की सेहत पर भी असर डालने लगी है। जिले के योगापट्टी प्रखंड के बरवां ओझा गांव स्थित एक निजी स्कूल में मंगलवार को कक्षा 1 के करीब दर्जनभर छात्र-छात्राएं एक-एक कर बेहोश हो गए। बच्चों की बिगड़ती तबीयत से स्कूल में अफरातफरी मच गई और अभिभावकों में कोहराम का माहौल बन गया। मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे एक छात्रा सबसे पहले अचानक बेहोश हो गई। इसके बाद उसी कक्षा के अन्य छात्र भी एक के बाद एक गिरने लगे। स्कूल प्रशासन ने तुरंत बच्चों को उठाकर पास के योगापट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जो बच्चों का इलाज कर रहे हैं, ने बताया कि यह घटना हीट स्ट्रोक या अत्यधिक गर्मी के कारण हुई। उन्होंने कहा, एक बच्ची की हालत गंभीर थी, लेकिन समय रहते इलाज मिलने से अब वह भी खतरे से बाहर है। बाकी सभी बच्चों की स्थिति अब सामान्य है। जैसे ही यह खबर गांव में फैली, अभिभावक घबराकर स्कूल की ओर दौड़ पड़े। कुछ समय के लिए स्कूल परिसर में भारी अराजकता का माहौल बन गया। बच्चों को एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। स्कूल प्रशासन ने घटना के लिए गर्मी को ही जिम्मेदार बताया है। स्कूल के एक शिक्षक ने कहा, हमने जैसे ही देखा कि एक बच्ची बेहोश हुई है, हमने तुरंत कदम उठाए। बाकी बच्चों को भी समय रहते अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद स्थानीय शिक्षा विभाग और प्रशासन की चुप्पी पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। अभी तक न तो प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और न ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने घटनास्थल का दौरा किया है। मौसम विभाग ने बिहार के उत्तरी हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक लू चलने की चेतावनी जारी की है। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह के समय भी तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

## बिहार का प्रदर्शन देश में तीसरे स्थान पर, तेजी लाने का होगा प्रयास

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राज्य में चलेगा विशेष अभियान : मंगल पांडे

**केटी न्यूज/पटना**



आयुष्मान भारत योजना की प्रगति के मामले में बिहार ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। राज्य स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने मंगलवार को पटना के बापू टावर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बताया कि बिहार देशभर में तीसरे स्थान पर है। अब तक राज्य में 20 लाख 50 हजार जरूरतमंद लोगों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इसके तहत अब तक 2600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है।

**बिहार में 1173 अस्पताल सूचीबद्धः** स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि वर्तमान में बिहार में कुल 1173 अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं। इनमें 587 निजी और 586 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। मंगल पाण्डेय ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंचाया जा सके।

**विशेष अभियान 26 से 28 मई तक :** कार्यक्रम में उन्होंने घोषणा की कि अधिक से अधिक लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 26 से 28 मई के बीच गांव, पंचायत और प्रखंड स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक राज्य में 3 करोड़ 75 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य में गरीबों के इलाज पर ही इस योजना के तहत करीब 1000 करोड़ रुपये खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल एक हेल्थ स्कीम नहीं बल्कि गरीबों के जीवन की सुरक्षा की गारंटी है।

**अस्पतालों की जिम्मेदारी अहम :** कार्यशाला के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना एक प्रकार की यूनिवर्सल हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति वित्तीय तंगी के कारण इलाज से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने योजना को प्रभावी बनाने के लिए निजी अस्पतालों को भी इससे जोड़ा है ताकि जरूरतमंद लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके। मनोज कुमार सिंह ने अस्पतालों की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि यह जरूरी है कि हर अस्पताल इस योजना की नैतिक जिम्मेदारी को समझे और किसी भी गरीब व्यक्ति की मजबूरी का अनुचित लाभ न उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ अस्पतालों में फ्रॉड के मामले सामने आए हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं। हालांकि, फ्रॉड की पहचान और रोकथाम के लिए सरकार ने सशक्त तंत्र विकसित किया है। कार्यक्रम में बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शशांक शेखर सिन्हा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य राज्य के हर नागरिक को बिना पैसे के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक है कि अस्पताल योजना की प्रक्रियाओं को अच्छी तरह समझें और ईमानदारी से कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि आम लोगों को इस योजना की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे समझ सकें कि किस अस्पताल में और किस प्रक्रिया के तहत उन्हें इलाज मिल सकता है। इस राज्यस्तरीय कार्यशाला का उद्देश्य नवसूचीबद्ध 68 निजी अस्पतालों को योजना की तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी देना था।

# करोड़पति बनने की चाहत ने प्रेमी-प्रेमिका को बनाया शराब तस्कर

**पूर्णिया।** पूर्णिया में एक प्रेमी-प्रेमिका ने करोड़पति बनने का सपना देखकर शराब तस्करी का धंधा शुरू कर दिया। बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद, दोनों पश्चिम बंगाल से विदेशी शराब लाकर बिहार के विभिन्न जिलों में सप्लाई करने लगे। अब पुलिस ने आरोपी प्रेमी-प्रेमिका सहित सात लोगों को 258 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी तब हुई है जब सभी आरोपी जय जगदंबे लग्जरी बस से पश्चिम बंगाल से पूर्णिया होते हुए बेगूसराय जा रहे थे।









# प्रशासनिक सेवा के 12 अधिकारियों समेत छह आईपीएस का हुआ तबादला

**केटी न्यूज/पटना**




आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिहार में अधिकारियों के तबादले का सिलसिला जारी है। नीतीश सरकार ने 36 अनुमंडल पदाधिकारियों के बाद अब भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12 और भारतीय पुलिस सेवा के छह आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इनके तबादले की अधिसूचना भी जारी कर दी है।शैलजा पांडेय को समस्तीपुर का उप विकास आयुक्त बनाया गया

सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2021 बैच के अधिकारी टॉपर रहे शुभम कुमार को भागलपुर नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है। वहीं भागलपुर की नगर आयुक्त डॉ प्रीति को अब जहानाबाद का उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं फॉरबिसगंज की एसडीएम शैलजा पांडे को समस्तीपुर का उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। 2021 बैच के आईएस सूर्य प्रताप सिंह को कैमूर का उप विकास आयुक्त तथा प्रवीण कुमार को बेगूसराय का उप विकास आयुक्त बनाया गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग पटना की विशेष कार्य पदाधिकारी गुंजन सिंह भोजपुर का उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है।राजीव रंजन को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो का एसपी बनाया गया। नीतीश सरकार ने छह आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इनमें 2012, 2013, 2016 और 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। आर्थिक अपराध इकाई के पुलिस अधीक्षक 2012 बैच के आईपीएस राजीव रंजन को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो का एसपी बनाया गया है। जबकि 2013 बैच के आईपीएस पंकज कुमार को आर्थिक अपराध इकाई का एसपी बनाया गया है। 2016 बैच के आईपीएस अनंत कुमार राय को सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं 2018 बैच के आईपीएस मनीष कुमार सिन्हा को विशेष सुरक्षा दल का समादेष्टा बनाया गया है। 2018 बैच के आईपीएस राजेश कुमार को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 16 का समादेष्टा बनाया गया है।

# पुलिस की बेकाबू जीप ने बाइक सवार तीन को रौंदा, दो की हालत नाजुक

**बिहारशरीफ।** जिले के रहुई थाना क्षेत्र के निजाय गांव के पास मंगलवार को एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित पुलिस जीप ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार एक महिला, एक युवती और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। महिला की स्थिति अधिक गंभीर होने होने के कारण उसे पटना रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान हरनौत थाना क्षेत्र के अमैत्रा गांव निवासी अरविंद पांडेय की पत्नी सरिता देवी, बेटी लूसी कुमारी और बेटा सन्नी पांडेय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों निजी बाइक पर सवार होकर बिहारशरीफ जा रहे थे। इसी दौरान गोकुलपुर थाना की एक तेज रफ्तार पुलिस जीप ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। बता दें कि कि यह कोई पहली घटना नहीं है।

## जीविका की देखरेख में लगातार 33 वें दिन, राज्य के सभी 534 प्रखंडों में हुआ महिला संवाद

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन रहा है महिला संवाद कार्यक्रम, रोजगार भी मिल रहा: मंत्री श्रवण

**केटी न्यूज/पटना**



मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि किसी भी समाज में बदलाव महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। इसी सोच के साथ बिहार सरकार महिलाओं को शिक्षा से लेकर नौकरी तक हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका दे रही है।बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाया जा रहा महिला संवाद कार्यक्रम राज्य भर में उत्साह और सफलता के साथ आगे बढ़ रहा है। आज इस कार्यक्रम के 33वें दिन, राज्य के सभी 534 प्रखंडों में इसका आयोजन किया गया। अब तक 37 हजार से अधिक जगहों पर यह संवाद आयोजित हो चुका है। महिलाओं की भारी भागीदारी यह बताती है कि यह कार्यक्रम अपने लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। शेखपुरा जिले के बरबीघा प्रखंड के सुभानपुर गांव में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्री श्रवण कुमार शामिल हुए। उन्होंने वहां मौजूद सैकड़ों महिलाओं से बातचीत की और बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रयासों की जानकारी दी।

**जीविका दीदियों को सहकारी बैंक की सौगात :** मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि बिहार सरकार ने जीविका दीदियों के लिए सहकारी बैंक खोलने की अनुमति दे दी है। इससे अब वे खुद बैंक चला सकेंगी और लोन लेने व पैसे के लेनदेन जैसे काम आसानी से कर सकेंगी। इसके अलावा, हर जिले के सदर अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों और प्रखंड कार्यालयों में दीदी की रसोई और दीदी की कैंटीन की स्थापना की जा रही है। सरकार ने यह भी फैसला लिया है कि अब 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए सरकारी स्कूलों की यूनिफॉर्म सिलाई का काम भी जीविका दीदियों को सौंपा जाएगाअपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि किसी भी समाज में बदलाव महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। इसी सोच के साथ बिहार सरकार महिलाओं को शिक्षा से लेकर नौकरी तक हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका दे रही है।




केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 21 मई 2025
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### आदिवासी समाज की हुई बैठक ,चरणबद्ध आंदोलन करने की बनी सहमति

**बोकारो, एजेंसी।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित डोकवाटांड में संथाल समाज की एक बैठक समाजसेवी सीताराम मांझी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।इसमें ऊपरघाट सहित नावाडीह प्रखंड के पड़ोसी गोमिया ,बेरमो ,बिष्णुगढ़ और डुमरी के प्रखंड के लगभग बीस मौजा के संथाली प्रमुख समाज सेवियों ने उपस्थिति दर्ज करायी ।बैठक में बारी-बारी से बिचार रखने के बाद महिला के न्याय के लिए चरणबद्ध आंदोलन करने की सहमति के साथ कई प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया।इसमें आठ मई को घटित घटना को एक मात्र घटना माना जाय ,यह मॉब लिंचिंग नही माना जाय ,आरोपित अब्दुल कलाम को दिया जाने वाला प्रोत्साहित राशि और सरकारी नौकरी को निरस्त करते हुए पीड़ित महिला को दस लाख रूपये ,एक सरकारी नौकरी और एक अबुआ आवास दिया जाय ।मुसलमानों के साथ ,आर्थिक ,राजनीतिक ,समाजिक वहिष्कार किया जाय सहित दस प्रस्ताव को प्रमुखता से लिया । उल्लेखनीय है कि बैठक गत आठ मई को पेंक – नारायणपुर थाना स्थित कडरूखुटा में एक आदिवासी महिला के साथ तालाब में नहाने के दौरान पेंक निवासी अब्दुल कलाम ने दुष्कर्म करने कि प्रयास किया था।महिला के शोर मचाने पर कुछ ग्रामीणों वहां पहुंचे थे और अब्दुल कलाम के साथ मारपीट की थी।को मारपीट किया गया था।चोट लगने के बाद ईलाज के लिये ले जाने के क्रम में रास्ते में उसकी मौत हो गयी थी।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक का पैर कटकर हुआ अलग

**खूंटी, एजेंसी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर मुरहू थाना के कुंजला बाजार के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक का पैर कटकर अलग हो गया।जानकारी कें अनुसार एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे एक युवक का दाहिना पैर पूरी तरह चकनाचूर हो गया और एक हिस्सा कटकर अलग हो गया।घायल युवक अल्बर्ट रोहित एक्का तोरपा का रहने वाला है।युवक ने खूंटी सदर अस्पताल में अपना नाम और पता तो बताया, लेकिन परिजनों से संबंधित कोई जानकारी नहीं दी और न ही कोई मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया।मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि युवक बाइक से सफर कर रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मारी और फरार हो गया।भाजपा नेता काशीनाथ महतो ने बताया कि घायल अवस्था में युवक को स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस सेवा की सहायता से खूंटी सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी और अन्य चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची स्थित रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।डॉक्टरों के अनुसार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। एम्बुलेंस चालक ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर काफी भीड़ थी, लेकिन अफसोस की बात यह रही कि घायल को एम्बुलेंस में चढ़ाने के लिए कोई सामने नहीं आया।सभी लोग मोबाइल से वीडियो बनाते रहे।दुर्घटना के बाद भीड़ तमाशबीन बनी रही, जिससे समय पर मदद नहीं मिल पाई। अस्पताल पहुंचने पर भी युवक के साथ कोई एटेंडेंट नहीं था, जिससे इलाज में परेशानी हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की पहचान के प्रयास में जुटी है।

### इसी साल हुई थी शादी, पति का दूसरी लड़की के साथ था अवैध संबंध; विरोध करने पर पत्नी को मार दी गोली

**पाटन ( पलामू ), एजेंसी।** पति के अवैध संबंध का विरोध करने की कीमत विवाहिता को जान देकर चुकानी पड़ी।पति ने पत्नी के सीने में दो गोली मारकर हत्या कर दी।वारदात के बाद आरोपी पति व उसके परिवार के सदस्य फरार है।पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।घटना पाटन थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव की है।जहां सोमवार की देर रात पति विनीत कुमार सिंह ने पत्नी सिमरन उर्फ सुखी की गोली मार कर हत्या कर दी ।सूचना मिलने पर पाटन थाना की पुलिस रात में ही घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि मेदिनीनगर निवासी सिमरन की शादी पाटन थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव के विनीत सिंह के साथ इसी फरवरी माह में हुई थी।शादी के बाद से ही विनीत सिंह के किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध को लेकर सिमरन परेशान चल रही थी।

# खरीफ फसल को लेकर झारखंड समेत पूरे देश में 29 से विकसित कृषि संकल्प अभियान



**रांची, एजेंसी।** झारखंड समेत पूरे देश में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलेगा। किसानों के बीच खरीफ फसल की जागरूकता के उद्देश्य से यह अभियान देश भर के 700 जिलों में करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान में झारखंड पूरा सहयोग करेगा। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार के द्वारा यह अभियान संचालित होगा।

अभियान को लेकर सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की वीडियो कांफ्रेंसिंग में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। खरीफ-पूर्व अभियान की शुरुआत ओड़िशा के पुरी (आस-पास के कृषि विज्ञान केंद्रों) से 29 मई को किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों एवं पशुपालन, मुर्गीपालन, मत्स्यपालन आदि से संबंधित आधुनिक तकनीकों के बारे में किसानों को जागरुक किया जाएगा। किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों के बारे में किसानों को बताया जाएगा। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के फायदे के बारे में जानकारी दी जाएगी। उपलब्ध ज्ञान के अनुसार फसलों के चयन तथा खादों के उपयोग के बारे में उन्हें बताया जाएगा। किसानों से फीडबैक लेना ताकि उनके द्वारा किए गए नवाचार के बारे में वैज्ञानिक जानकारी मिल सके और उसके अनुसार अनुसंधान को नई दिशा दी जा सके। अभियान को लेकर विभाग पूरा सहयोग करेगा : शिल्पी

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में हर साल खरीफ फसल को लेकर जागरूकता के लिए 25 मई को बीज दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में विकसित कृषि संकल्प अभियान की सफलता को लेकर विभाग पूर्ण सहयोग करेगा।

**शिल्पी नेहा तिर्की ने ज्ञान-विज्ञान के सहारे आगे बढ़ने की जरूरत बताई :** आईसीएआर कैंपस में अनुसूचित जनजाति परियोजना एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस सह कृषि इनपुट वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 300 किसानों के बीच कृषि सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज का दौर ज्ञान और विज्ञान से जुड़ कर कृषि के क्षेत्र में कदम बढ़ाने का है। संस्थान किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उन्हें विकसित करने की दिशा में बेहतर काम कर रहा है। संस्थान के विकास के लिए राज्य सरकार ने 124 एकड़ भूमि मुहैया कराई है। इससे पहले बिरसा कृषि विवि को भी 700 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है। विकास ही संस्थान का उद्देश्य होना चाहिए।

रांची के गढ़खटंगा स्थित आईसीएआर कैंपस का कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने बायोमास गैसीफायर सह बायोचर उत्पादन इकाई का उद्घाटन भी किया। संस्थान के द्वारा ज्ञान और विज्ञान के साझा प्रयास से उन्नत कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे बेहतर काम की उन्होंने सराहना भी की। आईसीएआर के द्वारा कृषि के क्षेत्र में कई तरह के नये प्रयोग किए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन परिवार समेत पहुंचे चांडिल, फुफेरे भाई कपूर टुडू के श्राद्ध कर्म में हुए शामिल



**सरायकेला, एजेंसी।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को अपने फुफेरे भाई कपूर टुडू उर्फ कपूर बागी के श्राद्ध क्रम में शामिल होने चांडिल पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, झामुमो संरक्षक रूपी सोरेन भी मौजूद रहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़े भाई कपूर टुडू की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद रूपी सोरेन ने कपूर टुडू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री परिवार के सदस्यों से भी मिले और बातचीत की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर झामुमो के कई वरीय नेता और कई विधायक मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से ईचागढ़ विधायक सविता महतो, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व विधायक सह झामुमो नेता लक्ष्मण टुडू, गणेश महाली समेत अन्य झामुमो नेता मौजूद रहे। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन की सूचना पर सरायकेला जिला प्रशासन की पूरी टीम मौजूद रही। मौके पर सरायकेला डीसी रविशंकर शुक्ला, एसपी मुकेश लुनायत सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। मुख्यमंत्री चांडिल में तकरीबन 2 घंटे तक रुके।

## 4,929 किसानों को उनके धान का अब तक एक रुपया भी नहीं मिला : राफिया



**रांची, एजेंसी।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राफिया नाज ने आरोप लगाया है कि 4,929 किसानों को उनके धान का अब तक एक भी रुपया नहीं मिला है। छह महीने बाद भी किसानों की उपज का पूरा भुगतान नहीं मिलना राज्य सरकार की अक्षमता और संवेदनहीनता का स्पष्ट प्रमाण है।

राफिया ने सोमवार को जारी बयान में कहा है कि 36,497 किसानों ने 5.07 लाख क्विंटल धान की आपूर्ति की, लेकिन उनमें से 9,615 किसानों को आज भी उनका हक नहीं मिला है। इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और क्या हो सकता है कि 4,929 किसानों को अब तक एक भी रुपया नहीं मिला है।

किसानों की जेबें खाली हैं, खेत खाली पड़े हैं, और सरकार मौन है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में झारखंड की कृषि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि किसानों को भुगतान में हो रही देरी के लिए जिम्मेदार कौन है किस ने इन निर्दोष किसानों को भटकने पर मजबूर किया।

## अब धनबाद में प्राइस से 30-50 प्रतिशत कम पर मिलेंगी सभी दवाएं ! केंद्र सरकार करने जा रही बड़ा काम



**धनबाद, एजेंसी।** एम्स देवघर और रिम्स रांची के तर्ज पर अब एसएनएमएमसीएच में अमृत फार्मेसी खोली जाएगी। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत आम लोगों को बाजार मूल्य से 30 से लेकर 50 प्रतिशत ब्रांडेड, जेनेरिक, सर्जिकल आइटम और इंप्लांट के सामान मिल पाएंगे। एसएनएमएमसीएच और अमृत योजना से जुड़े पदाधिकारियों इससे पहले अस्पताल में इसके लिए जगह चिन्हित किया है। ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर के ऊपर भवन में यह खुलेगा। यह फार्मेसी खुल जाने के बाद अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए सस्ती दवा के और विकल्प खुल जाएंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के दो दुकान यहां पर संचालित है, जहां पर सस्ती दर पर जेनेरिक दवाएं मरीजों को दी जा रही है।

इसके साथ ही एसएनएमएमसीएच का अपना दवा वितरण केंद्र है, जहां दवाई निशुल्क मिलती है। लेकिन यहां पर पर्याप्त दवाएं नहीं होती। ऐसे मरीजों के लिए अमृत फार्मेसी वार्ड वरदान साबित होगी। फिलहाल अमृत फार्मेसी देशभर के सभी एम्स में संचालित कराए गए हैं। देवघर स्थित एम्स में भी अमृत फार्मेसी शुरू हुई है। इसके साथ रिम्स, रांची और बोकारो में इस फार्मेसी को खोला गया है। अब धनबाद में भी फार्मेसी खोली जा रही है।

हड्डी रोग विभाग में हर महीने लगभग 25 से 30 आपरेशन होते हैं। ऐसे मरीजों को हाथ अथवा पैर टूट जाने के बाद इंप्लांट के सामान खरीदने पड़ते हैं। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में इंप्लांट और सर्जिकल आइटम के समान नहीं मिलते हैं। लेकिन अमृत फार्मेसी में यह दोनों समान भी 50 प्रतिशत कम पर मिल पाएंगे। ऐसे में हड्डी रोग विभाग में आने वाले सहूलियत मिल पाएगी। इसका पूरा नाम अफार्डेबल मेडिसिन्स एंड रिलायबल इंप्लांट्स फार ट्रीटमेंट (अमृत) है। केंद्र सरकार ने सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए यह फ्लैगशिप स्कीम शुरू की है। देश के 22 से अधिक राज्यों में अमृत फार्मेसी की करीब 150 दुकानें काम कर रही हैं। इनके जरिये 5200 से अधिक दवाएं, इम्प्लांट और चिकित्सा उपकरण एमआरपी से 30 से 50 प्रतिशत तक सस्ती उपलब्ध कराया जा रहा है।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का केंद्र पर निशाना, कहा- लोगों के संवैधानिक अधिकारों का किया जा रहा हनन




**दुमका, एजेंसी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का कहना है कि आज केंद्र सरकार द्वारा लोगों के संवैधानिक शक्तियों को छीना जा रहा है। ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग जैसी जो संवैधानिक संस्थाएं हैं उसे अपने इशारे पर कठपुतली की तरह नचा रही है। कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध कर रही है। केंद्र सरकार के इस रवैये के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तर से लेकर इसे जिला स्तर और वहां से फिर विधानसभा स्तर के साथ डोर टू डोर कैंपेन चलकर आम जनता को यह बताने का प्रयास किया जाएगा कि आपका जो अधिकार है उसे समाप्त किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा आरएसएस की यह सरकार सिर्फ चंद पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है, उन्हें आम लोगों के हित से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने यह बयान आज दुमका में दिया है। कांग्रेस के द्वारा सोमवार को संविधान बचाओ रैली के तहत एक आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी डॉ। श्रीवेल्ला प्रसाद, विधायक प्रदीप यादव, पार्टी नेता बंधु तिर्की, फुरकान अंसारी प्रदीप बालमुचू मौजूद रहे।

**सरना धर्म कोड लागू करे केंद्र सरकार- श्रीवेल्ला प्रसाद :** इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी डॉ। श्रीवेल्ला प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार पहले जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहती थी। वह इसके विरोध में थी लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी के लगातार प्रयास के बाद यह संभव हुआ है। लेकिन जहां तक झारखंड की बात है तो यहां सरना धर्म कोड लागू करने का मामला लंबित है। जब तक केंद्र सरकार इसे लागू नहीं करती है झारखंड में जातिगत जनगणना नहीं होने दिया जाएगा। इस मुद्दे पर कांग्रेस के द्वारा अगले सप्ताह रांची में राजभवन के सामने एक धरना प्रदर्शन का भी कार्यक्रम रखा गया है।

**प्रदीप यादव ने कहा- सांसदों के डेलिगेशन पर उठाए सवाल :** इस मौके पर कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा पाकिस्तान का कच्चा चिट्ठा खोलने सांसदों का जो डेलिगेशन विदेश भेजा जा रहा है उसमें उन्होंने मनमानी की है। कांग्रेस के द्वारा जो नाम भेजे गए थे उसे दरकिनार कर दिया गया और उन्होंने अपने अनुसार नाम तय किए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने यह भी कहा कि कांग्रेस के लिए देश हित सर्वोपरि है। कांग्रेस ने सरकार के उन सभी निर्णय पर अपनी हामी भरी है जो देश के लिए जा रहे हैं। हालांकि शशि थरूर के नाम पर उन्होंने कुछ बोलने से इनकार किया।

### 32वीं एशियन जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी रांची की आध्या

**रांची, एजेंसी।** रांची एशियन अंडर-15 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाने वाली जेएसएसपीएस कैडेट कनिष्का कुमारी गोराई का सोमवार को सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएमडी ने कनिष्का को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। साथ ही उनके कोच द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता ब्रज भूषण मोहंती को भी सम्मानित किया गया। निलेंदु सिंह ने कहा कि कनिष्का ने नन्ही उम्र में जो हौसला और दृढ़ता दिखाई है। सीसीएल परिवार की ओर से सभी वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों ने कनिष्का को बधाई दी।



रांची7 झारखंड के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अब इस अध्याय में रांची की स्क्वैश खिलाड़ी आध्या बुधिया का नाम भी जुड़ गया है। वे जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। आध्या बुधिया का चयन 32वीं एशियन जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप-2025 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 1 से 5 जुलाई तक कोरिया में आयोजित की जाएगी।

इसमें आध्या बुधिया गर्ल्स अंडर-15 वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। चेन्नई में 15 से 19 मई तक आयोजित चयन ट्रायल्स में गर्ल्स अंडर-15 वर्ग की भारत से शीर्ष 9 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया था। इस ट्रायल में आध्या बुधिया ने अपने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके बाद भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का किया और अब वो देश का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। आध्या बुधिया बीते आठ वर्षों से स्क्वैश खेल रही हैं और कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीती हैं।

# डॉक्टर के सुई लगाते ही मरीज की मौत, कोडरमा के निजी क्लीनिक का मामला !

**कोडरमा, एजेंसी।** जिला के डोमचांच स्थित ढाब रोड में अवैध रूप से संचालित ओम होमियो हॉल क्लीनिक में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। मरीज के परिजनों ने क्लीनिक के डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान डोमचांच के बेहराडीह निवासी छोटेलाल मेहता के रूप में की गई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार छोटेलाल मेहता रविवार को रात के करीब 8 बजे डोमचांच बाजार से अपने घर बेहराडीह लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे उनके शरीर पर हल्की चोटें आईं। इसके बाद जब वे घर पहुंचे तो परिजनों ने उन्हें मलहम पट्टी व दवा लेने की सलाह दी।



इसके बाद वे बेटे व भतीजे के साथ ढाब रोड के महावीर पिंडा के सामने स्थित ओम होमियो हॉल क्लीनिक पहुंचे। जहां के चिकित्सक डॉ। केडी प्रसाद ने घायल व्यक्ति को एक के बाद एक, चार इंजेक्शन लगा दिए। इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद घायल छोटेलाल ने क्लीनिक में ही दम तोड़ दिया। जब तक परिजन कुछ समझ पाते डॉक्टर मौका पाकर वहां से फरार हो गया। जिसके बाद किसी तरह शव को उनका बेटे व भतीजे के द्वारा उनके निवास स्थान पर लाया गया। इस घटना की सूचना पाकर डोमचांच पुलिस क्लीनिक पहुंची और चिकित्सक हो हिरासत में लेकर थाना लेते आई। इस मामले पर कोडरमा सिविल सर्जन डॉ। अनिल कुमार ने बताया कि उन्होंने डोमचांच रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ। आशीष को क्लीनिक की जांच के लिए भेजा है।

उन्होंने बताया चिकित्सक डॉ। केडी प्रसाद के सर्टिफिकेट फर्जी पाए जाने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि उक्त क्लीनिक द्वारा स्वास्थ्य विभाग से किसी भी प्रकार का रजिस्ट्रेशन नहीं लिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला में इस प्रकार से जितने भी अवैध रूप से संचालित क्लीनिक है, उस पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों की मानें तो झोलाछाप डॉक्टर न सिर्फ मरीज का इलाज करता है बल्कि दवा से सुधार नहीं होने पर झाड़फूंक भी किया करता है। लोगों ने बताया कि पहले ये ढाब में अपना क्लीनिक चलाता था और वहां भी किसी मरीज का उसने गलत इलाज कर दिया था। जिसके बाद वहां के ग्रमीणों के विरोध के बाद वह अपना क्लीनिक डोमचांच के ढाब रोड लेते आया और वह यहाँ मरीजों का इलाज करते लगा। इस मामले पर डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि फिलहाल चिकित्सक को थाना लाया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सक ने अपने होमेओपेथी चिकित्सक होने का सर्टिफिकेट दिखाया है। जिसे स्वास्थ्य विभाग को सौंपकर जांच करवाई जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर चिकित्सक पर कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री सोरेन के ट्वीट का कमाल, अलबीना मां को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**खूंटी, एजेंसी।** मुरहू प्रखंड अंतर्गत कुदा पंचायत के रूईटोला गांव में बांस से बनी एक झोपड़ी में रहकर 69 वर्षीय वृद्धा अलबीना मुंडू अपना जीवन गुजार रही हैं।



उनके जीवन से संबंधित समाचार इंटरनेट मीडिया में चलने पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे गंभीरता से लेते हुए खूंटी उपायुक्त को टैग करते हुए एक्स पर पोस्ट किया।

सीएम ने एक्स पर पोस्ट कर मामले की जांच कर अलबीना मां को हर जरूरी सरकारी योजना से जोड़ते हुए सूचित करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि वृद्धा अलबीना को ना तो वृद्धावस्था पेंशन का लाभ मिलता है, ना ही आवास योजना का लाभ मिला है।

विगत कुछ माह पूर्व से उसे पीडीएस से पांच किलो चावल मिलना शुरू हुआ है, लेकिन दाल, सब्जी, तेल साबुन आदि जरूरत के सामान के लिए उसके पास पैसे नहीं होते। कमर झुक गई है इस कारण वह मजदूरी भी नहीं कर पाती।

पेट पालने के लिए वृद्धा गांव में घूम-घूम कर इमली, करंज आदि चुनती है और उसे बुरजू साप्ताहिक हाट में बेचकर नमक खरीदती है और सिर्फ नमक से ही वह कटहल का कोवा उबालकर और पीडीएस से मिलने वाले चावल का भात बनाकर खाती है।

वृद्धा की इस दुर्दशा के बारे में गांव के मुखिया अमर मुंडू और पंचायत समिति सदस्य तुरलेन धान ने पुष्टि करते हुए बताया कि उक्त वृद्धा को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए प्रखंड कार्यालय में तीन बार आवेदन जमा किया गया है, लेकिन उसे अब तक योजना का लाभ नहीं मिला है।

## सुभाषितम्

मनुष्य जितना ज्ञान में घुल गया हो उतना ही कर्म के रंग में रंग जाता है।

- विनोबा भावे

## परमाणु बिजली : विदेशी दबाव में आत्मघाती निर्णय

मध्य प्रदेश की भोपाल गैस त्रासदी को आखिर दुनियां कैसे भूल सकती है। तब यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के कीटनाशक संयंत्र से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था। इसमें हजारों लोगों की जान चली गई और लाखों लोग प्रभावित हुए। आज भी इस भयानक औद्योगिक त्रासदी को याद कर लोग सिहर उठते हैं। इस त्रासदी के अवशेष आज भी लोगों को परेशान किए हुए हैं। इस भयावह घटना से सबक लेते हुए बाद की सरकारों ने कभी कोई ऐसे औद्योगिक संयंत्र या उसकी इकाई को विदेशी दबाव में लगाने या शुरू करने की इजाजत नहीं दी, जिससे दोबारा इस तरह की कोई त्रासदी सामने आए। समय व्यतीत होने के साथ वर्तमान सरकार शायद इसे भूल गई। यही वजह है कि अब परमाणु बिजली जैसे निर्णय लेने पर वह मजबूर है। ईश्वर न करे कि आने वाले समय में फिर यह दिन भारत के लोकतांत्रिक और जनहितकारी इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में याद किया जाए। दरअसल भारत सरकार ने विदेशी कंपनियों के दबाव में आकर जो नया फैसला लिया है, वह देश की सुरक्षा, पर्यावरण और नागरिकों के जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इस अंदेशे के साथ यह भी रेखांकित किया जा रहा है कि सरकार ने परमाणु बिजली संयंत्रों में दुर्घटना की स्थिति में विदेशी कंपनियों को मुआवजे की जिम्मेदारी से पूरी तरह मुक्त कर दिया है। अब यदि कोई परमाणु हादसा होता है, तो उसका पूरा भार सरकारी कंपनी और भारतीय करदाताओं के ऊपर पड़ेगा। यहां बताते चलें कि 2010 में पारित सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट के अनुसार, परमाणु संयंत्र ऑपरेटर को 1500 करोड़ और सरकार को 1100 करोड़ रुपये तक मुआवजे की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि यह राशि भी किसी गंभीर परमाणु दुर्घटना के लिए बेहद कम थी। 2011 के फुकुशिमा हादसे में जापान को 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च उठाना पड़ा था। बावजूद इसके, अब सरकार ने कंपनियों को पूरी तरह जिम्मेदारी से मुक्त कर, भारतीय नागरिकों को जोखिम में डालने वाला कदम उठाया है। भारत में पहले से ही 23 परमाणु संयंत्र कार्यरत हैं, जो सरकारी निगरानी में चलते हैं। परंतु अब अमेरिका, फ्रांस और रूस की पुरानी तकनीक को भारत में डंपिंग ग्राउंड की तरह उतारा जा रहा है। ये कंपनियां भारत को एक बाजार की तरह देख रही हैं, जहां सुरक्षा और जवाबदेही की अनदेखी कर मोटा मुनाफा कमाया जा सकता है। जयतापुर और कुडनकुलम जैसे भूकंप संभावित क्षेत्रों में संयंत्र स्थापित करना एक खतरनाक प्रयोग है। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे चिंता की बात यह है कि सरकार ने यह फैसला बिना संसद में चर्चा के, जनता को अंधेरे में रखकर लिया है। पोस्ट फैक्टो क्लीयरेंस जैसे नियम लागू कर दिए गए हैं, जिसमें पर्यावरणीय अनुमति संयंत्र स्थापित होने के बाद ली जाती है। यह व्यवस्था पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को समाप्त करती है। परमाणु ऊर्जा की आर्थिक तर्कसंगतता भी सवालों के घेरे में है। जहां सौर ऊर्जा 2 से 3.5 रुपये प्रति यूनिट और कोयला आधारित बिजली 4 से 6 रुपये में उपलब्ध है, वहीं परमाणु बिजली की लागत 9 से 12 रुपये प्रति यूनिट तक होती है। संयंत्र निर्माण में 10 से 15 वर्ष लगते हैं, जबकि सौर या थर्मल संयंत्र 1 से 2 साल में तैयार हो जाते हैं। इसमें पर्यावरणीय खतरा भी कम नहीं है। परमाणु कचरे को निष्प्रभावी करने में हजारों वर्ष लगते हैं, और यह जमीन, जल और समुद्री जीवन को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचाता है। जब दुनिया के देश–जर्मनी, जापान और इटली–परमाणु ऊर्जा से दूरी बना रहे हैं, भारत में इसके विस्तार को जनविरोधी और आत्मघाती नीति माना जा रहा है। भारत सरकार को चाहिए कि वह जनता के स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता दे, और विदेशी दबाव के बजाय वैज्ञानिक विवेक और लोकहित को ध्यान में रखकर निर्णय ले। देश विकास करे लेकिन विकास के नाम पर आत्मघाती कदम उठाए जाएं कहां तक उचित है?

## चिंतन-मनन

### सेना की वर्दी पर राजनीति की छींटाकशी!

सियासत अब बयानबाजी की रस्साकशी में उलझी वह बेतुकी नुमाइश बन गई है, जहाँ तर्क, गरिमा और शालीनता का वध सार्वजनिक मंचों पर खुलेआम होता है और तालियाँ बजती हैं, जैसे कोई हास्य का प्रहसन चल रहा हो। मध्यप्रदेश सरकार में जनजातीय कार्य मंत्री एवं भोपाल गैस त्रासदी व लोक परिसंपत्ति मंत्री विजय शाह ने हाल ही में महू में ऐसा ही एक राजनीतिक तमाशा पेश किया जिसमें न सेना की गरिमा बची, न महिलाओं की मयार्दा, न संविधान की आत्मा। उन्होंने मंच से गरजते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकियों को जवाब देने के लिए उनकी बहन को भेजा। जरा रुकिए, सोचिए, यह मंत्री हैं। यह वही मंत्रालय है, जहाँ से हमें उम्मीद होती है कि आदिवासी समाज के संवेदनशील मुद्दों पर शालीन, जागरूक और विचारशील नेतृत्व मिलेगा। लेकिन जब वही कुर्सी किसी ह्यजुबानी जिहादह्न के योद्धा के हवाले हो जाए, तो मंत्रालय की गरिमा भी बयानबाजी की भेंट चढ़ जाती है। बयान सुनकर पहले तो लगा कि शायद मंत्रीजी ने किसी फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है, लेकिन फिर समझ आया कि यह तो राष्ट्रवाद का नया संस्करण है, जिसमें बहादुर महिला सैन्य अधिकारी को भी लिंग के कटघरे में खड़ा कर दिया गया है। क्या सेना की कोई महिला अधिकारी अब एक ह्यप्रतिशोध की बहनह्न बनकर परोसी जाएगी? क्या उसका पराक्रम, उसकी वर्दी, उसका प्रशिक्षण सब केवल इसीलिए था कि उसे एक पुरुषवादी राजनीतिक कल्पना का औजार बना दिया जाए? यह बयान न सिर्फ अशालीन है, बल्कि सैन्य मयार्दाओं का मखौल उड़ाने वाला भी है। क्या मंत्रीजी को यह ज्ञान है कि सेना का हर अभियान गोपनीय रणनीति, अनुशासन और प्रशिक्षण की उपज होता है, न कि घरेलू झगड़े की तरह किसकी बहन किसके घर गई वाले मौहल्ले के विमर्श पर आधारित?

# समूची मानवता का शत्रु है आतंकवाद

- योगेश कुमार गोयल



जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साये में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निदोर्षों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुई और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को ह्यराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवसह्न मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे।

यह दिन इसलिए भी स्मरणीय है क्योंकि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह हमला लिट्टे जैसे आतंकी संगठन की सोची-समझी साजिश का परिणाम था, जिसने केवल एक नेता की जान ही नहीं ली बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरूआत हुई ताकि देशवासियों को यह अहसास कराया जा सके कि आतंकवाद किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय का दुश्मन नहीं बल्कि समूची मानवता का शत्रु है। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनीतिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात में धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिशें विफल की हैं। हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस कृत्य के बाद भारत सरकार ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। रिपोर्टों के अनुसार, इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब भारत केवल रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाएगा बल्कि आतंक के स्रोत पर आक्रमण करेगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाना शुरू किया और साथ ही सिंधु जल संधि को रद्द करने का भी बेहद निर्णायक फैसला लिया गया। यह समझौता 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसके अंतर्गत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार दिया था। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार-बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर वह शांति की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर अपनी धरती पर आतंकियों को संरक्षण देता है। घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ-साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का-दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति ह्यआतंक के प्रति शून्य सहनशीलता की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन-मन के दृढ़ संकल्प का परिचायक है।

बहरहाल, बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी अंतिम परछाई को मिटाना बाकी है। जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरूकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है।

# मनुष्य का संस्कार अच्छा होना जरुरी है

-संजय गोस्वामी

नर और नारी एक समान है आप नारी हो या नर, संस्कार अच्छा होना बहुत जरुरी है संस्कार ठीक नहीं है तो कोई भी मनुष्य सही या गलत की पहचान नहीं कर सकता है नारी में माँ का रूप से बड़ा औ? कोई नहीं है क्योंकि जन्म देती है आप दूसरे को उपदेश देने से पहले खुद ही अंदर झाँक कर देखिए आप के अंदर ईश्वर मौजूद है ना तो डरता है ना ही डराता है एक बात समझ कर चलिए आप जैसा करेंगे वैसा ही भरेंगे, ईश्वर के ध्यान में लीन हो जाये तब आप समझ जायेंगे क्या अच्छा है क्या बुरा दूसरों की देखा देखी करना ठीक नहीं है आप खुद ही ऐसा सोचे यदि हम उस जगह रहते तो क्या करते कहाँ जा रहा है आज का समाज इसपर ध्यान देने की जरुरत है दूसरे को दुःख को उसके बुरे वक़्त में नजरअंदाज करना आपकी सबसे बड़ी भूल है हम जब अकेले थे तो माता पिता मेरे साथ थे खुश थे कहीं शिफ्ट करना भी आसान था ईश्वर सब देख रहा है आप भगवान राम से प्रेरणा लें उस समय पिता के वचन को निभाना सबसे बड़ा कर्तव्य था उन्हें यानि राजा दसरथ को श्रवण कुमार की गलती से मारे जाने पर उनके माता पिता से श्राप के कारण यह देखने को मिला जिसे उन्हें भी काफी दुःख हुआ लेकिन नियति को कौन टाल सकता है और ऐ हुआ जंगल जाना वो भी 14वर्ष के लिए इतना आसान नहीं था वो वनवास श्री राम को ही मिला था लेकिन उनके साथ माता सीता और भ्राता लखन भी गए ऐ निर्णय भी आसान नहीं होता है आप कल्पना कर देखिए आप घबराहट में बैचैन हो जायेंगे क्योंकि 14 वर्ष जंगल में रहना कोई आसान काम नहीं होता है ऐ मरने जीने जैसा है लेकिन यदि आप सही में जिसे सच्चे मन से चाहते हैं उसे मौत से भी डर नहीं होता और वहाँ ना तो घर है ना ही पलंग ना ही बिजली पानी और खाने हेतु गैस का सिलेंडर लेकिन हिम्मत है और यही हिम्मत उसे महान बनाता है जो दुःख में साथ है वही आपका सच्चा आदमी है चाहे अपना हो या पराया, माता सीता ऐसा नारी बनना इतना आसान नहीं है लेकिन जीवन में भगवान श्री राम के साथ मरने जीने की इच्छा ही पुरे विश्व में माँ के रूप में पूजन किया जाना गर्व की बात है मैं आपको कहुँ कि माँ के रास्ते पर चलना चाहिए तो बुरा भी लगेगा लेकिन जीवन में दुःख के समय खुश रहना भी आएगा आप खुद को विचारों में अच्छा बनने की कोशिश करें विचार ही आपको महान बना सकती है इसमें कई कष्ट भी होंगे लेकिन जो सही लगता है उसे करें आपका धर्म क्या है ऐ देखिए यदि आप अपने धर्म को सही से निभाना आ गया तो आपके आने वाली पीढ़ी भी आपके रास्ते चल पड़ेगी और कुछ बन कर निकलेगी और जहाँ जायेंगे आपका मान सम्मान बढ़ेगा आप यदि किसी पर गुस्सा हैं हैं तो पहले एक पल के लिए शांति से काम लें और उस आदमी को पहले परख लीजिये उसमें कितना ईश्वर ने शक्ति दि है ज्ञान से और उसके कर्म से मालूम हो जायेगा कष्ट जीवन में आते हैं एक गाना है जो संतोष आनंद द्वारा लिखा है एक प्यार का नगमा है मौजों की रवानी है जिंदगी औ? कुछ भी नहीं तेरी मेरी कहानी है... इसमें दुःख औ? सुःख दोनों पर सब खुश रहते हैं गुरुगोबिंद सिंह जब खालसा पंथ की स्थापना कर रहें थे तब उन्होंने पूछा की कौन मुझे शीश दे सकता है आम सभा में सभी हैरान हो गए तब एक उनका भक्त ने आवाज लगाया मैं दूंगा और तब तम्बू में बाहर खून को देखकर लोग हैरान थे कि लगता है शीश कट गया है लेकिन बाद में दूसरा डरा नहीं और ऐसे कर पांच आदमी चले गए और बाद में सब सही सलामत निकलें यही गुरुजी जाँचना चाहते थे कि मौत से डर है या मुझसे और पंच प्यारे कहलाये, जों गुरू के अमृत का पान किया यहाँ अमृत है मौत को मात देकर गुरु का सच्चा भक्त अतः आज समाज में संस्कार को महत्व देने की जरुरत है यदि आपके पास अच्छा संस्कार नहीं मिला तो पाने की कोशिश करें आज आधुनिकता की दौड़ में बहुत से मनुष्य इतना अंधा हो गए है कि शादी के बाद ना तो अपने माँ को पूछता है ना तो पिता को सम्मान देता है बुरे वक़्त में तो उन्होंने अपने को कष्ट में रखकर अबको इस काबिल बनाया कि आप आज खा कमा कर परिवार में अपना धर्म निभा रहें हैं ऐ कैसा समाज, कोई खुद ही क्लबो में जाता है और जिम में जबकी पत्नी के जाने पर दूसरे के कहने पर शक की दृष्टिकोण से देखता है इसका उल्टा भी होता है और बाद में अंदरूनी मनमुटाव हो जाता है जों ठीक नहीं है आपस में प्रेम से रहें और एक संस्कार को बचाये रखें जों हमारे पूर्वजों ने काफी तप कर दिया है अतः उसे बनाए रखें यदि तकलीफ है तो बातें कर समस्या का हल निकालने की कोशिश करें एक बार मैं हरिद्वार शांतिकुंज में गया और वहाँ फुलपैंट पहना था लेकिन वहाँ हवन करने हेतु धोती पहनना पड़ा लेकिन ऐ गुरु का आश्रम है अतः हम उसमें उनके नियम की अवहेलना नहीं कर सकते इसका जरूर कोई अध्यात्मिक कारण होगा भारत में हमेशा नारी को पूजन किया है उनके अच्छे संस्कार और उनके त्याग और बलिदान के कारण और इसलिए हमारी भारत माता का आशीर्वाद है कि हम सभी मिलकर रहते है अतः जीवन में सबका अपना धर्म है जिसे निभाना चाहिए ऐ सभी के लिए बराबर हो, समानता का अधिकार होना चाहिए और साथ मिलकर एक अच्छा नागरिक बनना ही कर्तव्य है जिसमें पग पग पर कांटे भी आएंगे लेकिन आप उसमें अच्छा बनकर निकलोगे.यदि आप नौकरी करते हैं तो आपका कर्तव्य है कि उसे सफलता पूर्वक करें जिससे आपका मान सम्मान बढ़ेगा छुट्टी के दिनों में ईश्वर का ध्यान करें क्योंकि यही सबसे सही वक़्त होता है उसे जानने की इसमें किसी को बुरा लगता है तो लगने दीजिये ईश्वर आपको ऐसा बना देगा कि किसी भी संकट में आपको मदद करेगा लोग क्या बोलते हैं इसपर जाने की जरुरत नहीं है जहाँ तक सेहत का सवाल है ईश्वर ही साथ देने वाला है और डरने की बिलकुल जरुरत नहीं है क्योंकि ईश्वर की आराधना से आपको कोई छू भी नहीं सकेगा और घर की छोड़िये बाहर लोग आपको अच्छा मानते हैं तो आप सही हैं खत्म हो जाता एक दिन यह जवान शरीर लेकिन आप सही होंगे तो मौत से डर नहीं लगेगा बल्कि प्रेम हो जायेगा महा कुम्भ में मैं किसी कारणवश नहीं जा सका लेकिन यदि मैं अच्छा इंसान हूँ तो पाप और पुण्य आपके कर्म से प्राप्त होता है क्योंकि अगर आप अच्छे होंगे तो आपपर लोग ज्यादा भरोसा करेंगे क्योंकि ईश्वर सब देख रहा है उसे मालूम है र्त कौन है अतःरावण से माता सीता को बचाने के लिए भगवान लक्षमन ने एक रेखा खींची थी जिसे रावण ने धोखे से पार करवा दिया और माता सीता को रावण ने अशोक वाटिका में कैद कर लिया अतः भगवान राम ही थे जो रावण जैसा महाशक्ति को उसके अहंकार को उस अमृत को भी सूखा कर उसका नाश कर दिया ऐ थी उनकी उस समय की मयार्दा बाद में जब गद्दी मिली तो प्रजा को सर्वोपरि माना और एक प्रजा को माता सीता पर गलत आरोप के कारण त्याग दिया क्योंकि उस समय उनका धर्म था प्रजा के हितों को ध्यान देना जिससे ऐ दशार्ता है कि परिवार की राजनीती नहीं की और माता सीता ने भी इसे सहर्ष स्वीकार किया अतः कागजी शेर से अच्छा है राम भक्त बनना और मयार्दा का पालन करना नर नारी एक समान है सभी अपने अपने कर्मों करने के लिए उतरदाई हैं जिसे आपसी सहमति से ही हल किया जा सकता है यदि लगता है वो गलत है और मैं सही हूँ तो आँखे बन्द कीजिये और कुछ छन के लिए कोई उत्तर ना दे ईश्वर का ध्यान दे और एक कदम आप पीछे हटे और वो भी ताकि संतुलन बना रहें ।

## वरिष्ठ खगोलशास्त्री जयंत नार्लीकर का निधन राष्ट्रीय क्षति

-संजय गोस्वामी

वरिष्ठ खगोलशास्त्री जयंत नार्लीकर का पुणे स्थित उनके आवास पर20 मई 2025 को निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। जयंत नार्लीकर, जिनकी खगोल विज्ञान में विशेषज्ञता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त थी, मराठी विज्ञान कथा लेखन के लिए भी लोकप्रिय थे, जो उतनी ही रोचक भाषा में लिखी गई थी। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद वे भारत लौट आये। इससे पहले उन्होंने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च में काम किया था। तब से, उन्होंने आयुका संगठन के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई है। वे 2021 में नासिक में आयोजित अखिल भारतीय साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष थे। सुबह-सुबह नींद में ही उनका निधन हो गया। अयंत विष्णु नार्लीकर एफएनए, एफएएससी, एफटीडब्ल्यूएएस एक भारतीय खगोल भौतिकीविद् और इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीएए) में एमेरिटस प्रोफेसर थे।उन्होंने सर फ्रेड हॉयल के साथ अनुरूप गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत विकसित किया, जिसे हॉयल-नार्लीकर सिद्धांत के रूप में जाना जाता है। यह अल्बर्ट आइंस्टीन के सापेक्षता के सिद्धांत और माच के सिद्धांत का संश्लेषण करता है। यह प्रस्ताव करता है कि एक कण का जड़त्वीय द्रव्यमान अन्य सभी कणों के द्रव्यमान का एक फलन है, जिसे युग्मन स्थिरांक से गुणा किया जाता है, जो ब्रह्मांडीय युग का फलन है।नार्लीकर का जन्म भारत के कोल्हापुर में 19 जुलाई 1938 को विद्वानों के परिवार में हुआ था। उनके पिता, विष्णु वासुदेव नार्लीकर, एक गणितज्ञ और सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी थे, जिन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में गणित विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख के रूप में कार्य किया, और माँ, सुमति नार्लीकर, संस्कृत की विद्वान थीं। उनकी पत्नी गणितज्ञ मंगला नार्लीकर थीं और उनकी तीन बेटियाँ हैं। उनके मामा प्रतिष्ठित सांख्यिकीविद् वी.एस. हुजूरबाजार थे।नारलीकर ने अपनी स्कूली शिक्षा सेंट्रल हिंदू कॉलेज (अब सेंट्रल हिंदू बॉयज स्कूल) से पूरी की। उन्होंने 1957 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से बीएससी की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने अपने पिता की तरह कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के फिट्जविलियम कॉलेज में अपनी पढ़ाई शुरू की,जहाँ उन्होंने 1959 में गणित में बीए (ट्रिपोस) की डिग्री प्राप्त की और सीनियर रैंगलर थे।1960 में, उन्होंने खगोल विज्ञान के लिए टायसन पदक जीता। कैम्ब्रिज में डॉक्टरेट की पढ़ाई के दौरान, उन्होंने 1962 में स्मिथ पुरस्कार जीता। 1963 में फ्रेड होयल के मार्गदर्शन में पीएचडी की डिग्री प्राप्त करने के बाद, उन्होंने कैम्ब्रिज में किंग्स कॉलेज में बेरी रैमसे फेलो के रूप में काम किया और 1964 में खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी में मास्टर डिग्री हासिल की। उन्होंने 1972 तक किंग्स कॉलेज में फेलो के रूप में काम करना जारी रखा। 1966 में, फ्रेड होयल ने कैम्ब्रिज में सैद्धांतिक खगोल विज्ञान संस्थान की स्थापना की, और नार्लीकर ने 1966-72 के दौरान संस्थान के संस्थापक स्टाफ सदस्य के रूप में कार्य किया।

## आज का राशिफल

**मेष** ाज करियर में मजबूती और धन से जुड़ी सकारात्मक खबर मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृषभ** फाइनेंशियल रूप से स्थिर है, परंतु अत्यधिक परिश्रम के बावजूद लाभ अपेक्षा से कम हो सकता है।

**मिथुन** दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक कामों में सफलता तो मिलेगी।

**कर्क** दिन आर्थिक और करियर दृष्टिकोण से शुभ रहेगा। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**सिंह** आज दिन आर्थिक और पेशेवर रूप से बहुत अच्छा साबित होगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कन्या** दिन चुनौतियों से भरा रहेगा। जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, जिससे मानसिक दबाव भी रहेगा।

**तुला** कार्यक्षेत्र में अत्यधिक मेहनत के बावजूद वांछित परिणाम नहीं मिल पाएंगे।

**वृश्चिक** कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक समझौता आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है।

**धनु** सरकार, प्रशासन, शिक्षा या न्याय से जुड़े क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को विशेष सम्मान मिलेगा।

**मकर** दिन करियर और वित्तीय मामलों में तरक्की का संकेत है। उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** आज कार्यक्षेत्र में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन लाभकारी है।

**मीन** आज दिन बहुत शुभ है। व्यवसाय में धन निवेश करने से आगे चलकर अच्छा लाभ होगा।

## विशेष

### मोदी अब ट्रंप का नाम क्यों नहीं लेते

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बड़े अच्छे मित्र होते थे। नरेंद्र मोदी उनके चुनाव प्रचार के लिए अमेरिका गए थे। अबकी बार ट्रम्प सरकार के नारे भी लगाए थे। उस बार वह चुनाव हार गए थे। इस चुनाव में पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप से दूरी बनाई। उसका खामियाजा अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत को भुगतना पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव के समय मोदी से मिलने की इच्छा जाहिर की थी। मोदी अमेरिका में थे। कमला हैरिस के जीतने का अनुमान लगाया जा रहा था। जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ट्रंप से नहीं मिले थे। इससे ट्रंप नाराज हैं,वह मोदी से बदला ले रहे हैं। इसका खामियाजा भारत के नागरिकों और अमेरिका के प्रवासी भारतीयों को भी भुगतना पड़ रहा है। अब यह चर्चा होती है,विश्व गुरु मोदी, डोनाल्ड ट्रंप का नाम लेने से भी बचते हैं। डोनाल्ड ट्रंप के कहर से कैसे बचेंगे। इसको लेकर अमेरिका और भारत में चर्चा होने लगी है।

### आपदा में अवसर की राजनीति

सारे विपक्षी दल, सरकार को भारत-पाकिस्तान के तनाव को देखते हुए जहां समर्थन दे रहे हैं। वहीं भाजपा आपदा में अवसर खोज रही है। दिल्ली महानगर पालिका निगम के 13 पार्षदों ने आम आदमी पार्टी को अलविदा कह दिया है। यह 13 पार्षद अलग दल बनाकर आम आदमी पार्टी छोड़ चुके हैं। जल्द ही एक दर्जन से अधिक पार्षद दूसरे दौर में पार्टी को छोड़कर नई पार्टी को ज्वाइन करेंगे। भारतीय जनता पार्टी अभी तक आम आदमी पार्टी मे सेंध नहीं लगा पाई थी। विधानसभा चुनाव हारने के बाद आम आदमी पार्टी अब भाजपा के ऑपरेशन कमल अभियान का शिकार हो रही है।

## कार्टून कोना





### आज का इतिहास

1471 इंग्लैंड नरेश हेनरी छठे की मौत टावर ऑफ लंदन में हुई. 1813 नेपोलियन बोनापोर्ट और प्रसिया तथा रूस के बीच बाजेन की लड़ाई में हजारों लोग मारे गए. 1927 उड़ान के क्षेत्र में अग्रणी अमरीकी चार्ल्स ए. लिंडबर्ग पेरिस पहुंचे. 1927 बाजीराव प्रथम गद्दी पर बैठे. 1927 विमान से माल ढोने की शुरूआत कलकत्ता और बागडोगरा के बीच हुई. 1935 क्वेटा भूकंप से तबाह हो गया. 1944 मित्र राष्ट्रों ने इटली में हिटलर की रक्षा पंक्ति को तोड़ दिया. 1965 अमेरिका ने पहली बार हाइड्रोजन बम का विस्फोट किया. 1967 ब्रुसेल्स में एक स्टोर में आग लगने से तीन सौ से अधिक लोग मारे गए. 1970 पश्चिम और पूर्वी जर्मनी के बीच शिखर सम्मेलन बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया. 1991 राजीव गांधी की मौत बम विस्फोट से हुई.

## दैनिक पंचांग

**21 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 04.54 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मिथुन | 06.56 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.10 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.26 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.38 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 15.49 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.03 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.19 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.24 बजे से |
| | | कुंभ | 00.11 बजे से |
| | | मीन | 01.44 बजे से |
| | | मेष | 03.14 बजे से |

**राहुकाल** 12.00 से 1.30 बजे तक

**बुधवार** 2025 वर्ष का 141 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 03.22 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 18.58 बजे को समाप्त।
**योग** वैधृति 00.35 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** तैतिल 16.14 बजे तदनन्तर गर 03.22 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 12'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872351
**जूलियन दिन** 2460816.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 22

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# खड़ी और विशाल चट्टान पर मिनटों में ही चढ़ जाता है हिमालयन आइबेक्स

**हिमालयन आइबेक्स (कैप्रा सिबिरिका हेमालयनस) साइबेरियाई आइबेक्स (कैप्रा सिबिरिका) की एक उप-प्रजाति है। वे पाकिस्तान और भारत के पश्चिमी हिमालय में पाए जा सकते हैं, मुख्य रूप से 3800 मीटर और उससे अधिक की ऊँचाई पर। उन्हें उनके सींगों से पहचाना जा सकता है जिनके आगे की तरफ़ निशान होते हैं और हर साल बड़े होते जाते हैं।**

हिमालयन आइबेक्स एक जंगली बकरा है, जो जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के ट्रांस-हिमालयी क्षेत्रों में पाई जाता है. ये बकरे ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ने में माहिर होते हैं. हिमालयन आइबेक्स एक अद्भुत जानवर है, जो एक जंगली बकरे की प्रजाति है. यह बकरा जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के ट्रांस हिमायली क्षेत्रों में पाया जाता है. यह कहना गलत नहीं होगा कि इससे बढ़कर कोई पर्वतारोही नहीं है, क्योंकि जिन पहाड़ियों पर पर्वतारोही बिना जरूरी उपकरणों के नहीं चढ़ सकते हैं, ये बकरे उन खड़ी चट्टानों पर मिनटों में ही चढ़ जाते हैं. इन्हें ऐसा करता देख हैरानी होती है. जिस तरह से ये बकरा खड़ी और विशाल चट्टान पर चढ़ता है, उस पर यकीन करना मुश्किल है.

## कितने ऊंचे पहाड़ों पर रहता है ये बकरा?

रिपोर्ट के अनुसार, हिमालयन आइबेक्सअनोखे सींगों और दाढ़ी वाला एक बड़ा जानवर है, जो 3,500 से 5,000 मीटर ऊंचे पहाड़ों में रहता है. इसका शरीर काफी मजबूत होता है. रपोर्ट में बताया गया है कि हिमालयी आइबेक्स घास, काई और छोटी झाड़ियां खाते हैं. सर्दियों में, जब पहाड़ बर्फ से ढक जाते हैं तो यह भोजन की तलाश में निचली ऊंचाई की पहाड़ियों की ओर लौट आते हैं. गर्मियों में बर्फ पिघलते ही यह वापस ऊपरी पहाड़ियों में चले जाते हैं. इसका साइंटिफिक नाम कैप्रा सिबिरिका हेमलायनस है. इनके सींग घुमावदार होते हैं और इनका वजन लगभग 90 किलोग्राम तक हो सकता है.





# दुनिया की वो 10 लग्जरी जेल, जो किसी 5 स्टार होटल से कम नहीं हैं2

**भारत हो या दुनिया के अन्य देश जेल का नाम सुनते ही लोगों के होश ढीले पड़ जाते हैं. गुनाह करने से पहले अपराधियों को इसी बात का डर सताते रहता चाहे कुछ भी हो जाए बस पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ना है, वरना ज़िंदगीभर के लिए जेल की हवा खानी पड़ेगी. अपराधियों के मन में जेल का ये डर एक अलग ही लेवल पर होता है. आम लोगों के लिए तो जेल किसी जहन्नम से कम नहीं है. लेकिन दुनिया के कई देश ऐसे भी हैं जहां की जेलें किसी 5 स्टार होटल से काम नहीं हैं. इन लग्ज़री जेल में क़ैदियों को कई तरह की सुविधाएं दी जाती हैं.**

### Bastoy Prison, Norway



नॉर्वे की बस्टोय आईलैंड में स्थित ये दुनिया की सबसे कम सुरक्षा वाली जेल है. इस जेल में 100 से अधिक क़ैदी रहते हैं, जो छोटे कॉटेज में रहते हैं. इस दौरान क़ैदी जेल फार्म पर काम करने, टेनिस खेलने, धूप सेकने, मछली पकड़ने और घुड़सवारी जैसे काम करते हैं. नॉर्वे में अधिकतम सजा 21 साल की सजा का प्रावधान है.

### HMP Addiewell, Scotland



ये लग्ज़री जेल स्कॉटलैंड के वेस्ट लोथियन में स्थित है. इसे सोडेक्सो जस्टिस सर्विसेज़ द्वारा निजी तौर मैनेज किया जाता है. असल में ये एक सीखने की जेल है. इस जेल में क़ैदियों को नागरिक जीवन में वापस भेजने और बाहर निकलकर नौकरी करने के लिए स्किलफुल बनाया जाता है. इस दौरान क़ैदियों को जेल में सप्ताह में 40 घंटे सीखने के लिए दिए जाते हैं.

### Otago Corrections Facility, New Zealand



न्यूज़ीलैंड की इस जेल में सेल फ़ोन जैमर, माइक्रोवेव सेंसर, इलेक्ट्रिक फेंस और विजिटर्स के लिए एक्स-रे जैसी सुरक्षा है. अगर जेल में क़ैदियों को दी जाने वाली सुविधाओं की बात करें तो रहने के लिए आरामदायक कमरों और पर्सनल टीवी जैसी सुविधाएं दी जाती है. इसके अलावा क़ैदियों को इंजीनियरिंग, डेयरी फ़ार्मिंग और खाना पकाने की ट्रेनिंग देकर उनका पुनर्वास भी कराया जाता है.

### Justice Center Leoben, Austria



ऑस्ट्रिया में छोटे-मोटे अपराध करने वालों को इसी जेल में रखा जाता है. ये जेल कम 5 स्टार होटल ज़्यादा है. इस जेल में प्रत्येक क़ैदी को एक सिंगल सेल में रखा जाता है, जिसमें प्राइवेट बाथरूम, किचन और एक टेलीविजन की सुविधा दी जाती है. इसके अलावा क़ैदियों के मनोरंजन के लिए यहां उनका वेट रूम, बास्केटबॉल कोर्ट और आउटडोर मनोरंजन की सुविधा भी दी जाती है.

### Aranjuez Prison, Spain




स्पेन की इस लग्ज़री जेल को फ़ैमिली जेल भी कहा जाता है. इस जेल में आमतौर पर उन क़ैदियों को रखा जाता है जो या तो सिंगल पेरेंट्स हैं या बच्चों के अभिभावक केवल पति-पत्नी ही हैं. इस दौरान बच्चे जेल में अपने बंद माता-पिता के साथ तब तक रह सकते हैं जब तक वो सुबह और शाम की रोल कॉल पर न  हो.

### Champ-Dollon Prison, Switzerland



साल 2008 से पहले ये दुनिया की सबसे बदनाम जेलों में से एक हुआ करती थी. इसके बाद स्विट्ज़रलैंड सरकार ने इसकी कायापलट का फ़ैसला लिया. साल 2011 में जिनेवा जेल में एक नए विंग और नवीनीकरण में 40 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया गया था. इस जेल में हर क़ैदी को पर्सनल रूम समेत कई सुविधाएं मिलती हैं.

### Pondok Bambu Prison, Indonesia



इंडोनेशिया की पोंडोक बंबू जेल को इंडोनेशियाई जेलों का चमकता सितारा भी कहा जाता है. इस महिला जेल में हाईप्रोफ़ाइल लोगों को रखा जाता है. सुविधाओं की बात करें तो यहां क़ैदियों को एयर कंडीशनर, रेफ़्रीजरेटर और कराओके मशीन शामिल हैं. जकार्ता की ये जेल ब्रेड मेकिंग क्लासेज़ से लेकर कराओके नाइट्स तक की सुविधा देती है.

### JVA Fuhlsbuettel Prison, Germany



जर्मनी के हैम्बर्ग में स्थित इस लक्ज़री जेल को साल 2011 में पुनर्निर्मित किया गया था. जिसके बाद ये किसी 5 स्टार होटल से काम नहीं दिखती है. इस जेल के  विशाल कमरों में क़ैदियों को साफ़ सुथरे बेड, सोफ़े, शॉवर, शौचालय और कपड़े धोने की मशीनें की सुविधा दी जाती है. इसके अलावा क़ैदियों के लिए कॉन्फ़्रेंस रूम भी है.

### Sollentuna Prison, Sweden



स्वीडन की सोलेंटुना जेल दुनिया की सबसे लग्ज़री जेलों में सुमार है. सीसीटीवी से लेस इस जेल में क़ैदियों के लिए आरामदायक बेड, प्राइवेट बाथरूम, वेट रूम, टीवी देखने के लिए अलग रूम की सुविधा दी जाती है. इसके अलावा क़ैदी अत्याधुनिक रसोई में खाना बना सकते हैं.

### Halden Prison, Norway



नॉर्वे की हाल्डेन जेल में भी क़ैदियों को विशाल सिंगल रूम और अपने निजी बाथरूम समेत कई सुविधाएं मिलती हैं. इसके अलावा जेल में क़ैदियों के लिए लाइब्रेरी, रिकॉर्डिंग स्टूडियो में वो अपना रैप करियर भी शुरू कर सकते हैं.



# जापान में 4 नहीं, 72 मौसम होते हैं हर 5 दिन में बदल जाता है मौसम

**दुनियाभर में जहां चार मुख्य मौसम बारिश, गर्मी, हैं। भारत के हिंदू कैलेंडर के मुताबिक वर्षा, ग्रीष्म, शरद, हेमंत, शिशिर और बसंत 6 ऋतुएं होती हैं। वहीं चीनी कैलेंडर में 24 ऋतुओं का जिक्र हैं। लेकिन जापानी कैलेंडर में 72 मौसम होते हैं। ये मौसम जापान के इकोसिस्टम को संगीत के लय की तरह दशति हैं।**

जापान में इन चारों मौसम को 6 हिस्सों में बांटा गया है, जिससे हर मौसम में 24 सेक्की बनते हैं। इनमें से हर सेक्की 15 दिन का होता है। इन सेक्की को 3 को यानी माइक्रोसीजन में बांट दिया जाता है। इस तरह जापान में 72 को बनते हैं। यहां को का मतलब माइक्रो सीजन होता है, जिसमें 5 दिन होते हैं।

## कैसे अस्तित्व में आया माइक्रो सीजन

जापान के ये माइक्रो सीजन गेहूं पकने, अंकुर फूटने, फसल उगाने, फूल खिलने जैसी प्राकृतिक घटनाओं को प्रदर्शित करते हैं। छठी सदी में जापान की ये छोटी-छोटी ऋतुएं मध्य कोरिया से ली गई थहै। इनके नामों को उत्तरी चीन की जलवायु से लिया गया था। इसे 1685 में खगोलशास्त्री शिबुकाचा शुनकाई ने जापान की जलवायु के रूप में ढाल लिया था। हालांकि सरकार ने इस 72 ऋतुओं वाले पारंपरिक कैलेंडर को ग्रेगोरियन कैलेंडर में बदल दिया था। हालांकि अब भी जापान के कुछ ग्रामीण किसान और मछुआरे इस पारंपरिक कैलेंडर को ही मानते हैं।



## सेंसेक्स 800 से अधिक अंक टूटा, निफ्टी 24,689 के स्तर पर

**मुंबई, एजेंसी।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन आज यानी मंगलवार, 20 मई को सेंसेक्स में 800 अंक से अधिक की गिरावट आई है, ये 81,215 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी भी 256 अंक लुढ़का है, ये 24,689 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन आज यानी मंगलवार, 20 मई को सेंसेक्स में 800 अंक से अधिक की गिरावट आई है, ये 81,215 के



स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी भी 256 अंक लुढ़का है, ये 24,689 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी है। टाटा स्टील, इंफोसिस और टेक महिंद्रा 1त्न ऊपर हैं। पावर ग्रीड, और रिलायंस का शेयर 1 प्रतिशत गिरा है। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई करीब 200 अंक चढ़कर 37,700 पर और कोरिया का कोस्पी करीब 10 अंक ऊपर 2,610 पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स करीब 300 अंक ऊपर है, 23,630 पर कारोबार कर रहा है। चीन का शंघाई कंपोजिट 13 अंक चढ़कर 3,380 पर है। 19 मई को अमेरिका का डाउ जोन्स 137 अंक चढ़कर 42,792 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट और फ्लैट 19,215 और 5,963 बंद हुए। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार, 19 मई को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 271 अंक नीचे 82,059 पर बंद हुआ। निफ्टी में 74 अंक की गिरावट रही, ये 24,945 पर बंद हुआ।

## भारत-यूएस ट्रेड डील को लेकर आया ये बड़ा अपडेट

### पीयूष गोयल की अमेरिकी मंत्री से मुलाकात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर वार्ता तेज हो गई है। इसी क्रम में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वॉशिंगटन में अपने अमेरिकी समकक्ष हावर्ड लुटनिक से मुलाकात की और समझौते के पहले चरण को शीघ्र अंतिम रूप देने पर चर्चा की।



गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले चरण में तेजी लाने की दिशा में मंत्री हावर्ड लुटनिक के साथ सार्थक चर्चा हुई।
यह उच्चस्तरीय बैठक 22 मई तक चलेगी, जिसमें दोनों देशों के मुख्य वार्ताकार वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था के तहत 'शीघ्र पारस्परिक लाभ' सुनिश्चित करने के प्रयासों पर विचार करेंगे। लक्ष्य है कि शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक पहले चरण का समझौता पूरा कर लिया जाए।
अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 26त्न अतिरिक्त शुल्क को अस्थायी रूप से 9 जुलाई तक निलंबित किया है। यह शुल्क इस्पात, एल्युमीनियम और ऑटो पार्ट्स जैसे उत्पादों पर लागू है। भारत और अमेरिका 90 दिनों की शुल्क विराम अवधि का लाभ उठाकर वार्ता को आगे बढ़ाना चाहते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथे वर्ष भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच व्यापार 131.84 अरब डॉलर तक पहुंचा। भारत को अमेरिका के साथ 2024-25 में 41.18 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष रहा, जो 2023-24 में 35.32 अरब डॉलर और 2022-23 में 27.7 अरब डॉलर था। अमेरिका ने इस बढ़ते व्यापार घाटे को लेकर चिंता व्यक्त की है।

# चीन के फैसले से एशियाई शेयर चढ़े

## मूडीज के कदम से अमेरिका में चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रंप के व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जहां चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए ब्याज दरों में कटौती की। वहीं अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटने से निवशकों में चिंता देखने को मिली।

चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ब्याज दरों में कटौती की, जिससे एशियाई शेयरों में उछाल आया। यह कदम चीन ने व्यापार युद्ध से बिगड़ी स्थिति से निपटने के लिए उठाया गया। चीन की कंटेम्पररी एम्परेक्स टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (सीएटीएल), जो दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक बैटरी कंपनी है के शेयरों में तेजी आई। हांगकांग में कारोबार के दौरान सीएटीएल के शेयरों में 13 प्रतिशत का उछाल आया। कंपनी ने इस साल दुनिया के सबसे बड़े आईपीओ में लगभग 4.6 अरब डॉलर जुटाए हैं। शंघाई के बाद छोटे शेयर बाजार शेन्जेन में सीएटीएल की शेयरों में दिन की शुरुआत में गिरावट के बाद 0.1 प्रतिशत की बढ़त हुई।

चीन के केंद्रीय बैंक ने सात महीनों में पहली बार प्रमुख ब्याज दरों में कटौती की है। इस कदम का निवेशकों ने स्वागत किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति के कारण निवेशक दबाव में है, चीन के इस फैसले से वह



थोड़ी राहत महसूस कर रहें है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने एक साल के ब्याज दर में कटौती की है। सभी नए रिफ्रेंस रेट के ब्याज और बकाया फ्लोटिंग ब्याज दरों को घटाकर 3.1 प्रतिशत से 3 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही पांच साल के ब्याज दरों को घटाकर 3.6 प्रतिशत से 3.5 प्रतिशत कर दिया गया है। चीन को चिंता है कि मांग में कमी होने के कारण मंहगाई के बजाए अपस्फीति की स्थिति पैदा हो सकती है। अर्थशास्त्री चीन से ऐसे ही कदम की उम्मीद कर रहे थे। सोमवार को जारी हुए डेटा के अनुसार ट्रंप के व्यापार युद्ध के कारण अर्थव्यवस्था दबाव में है। साथ ही, खुदरा ब्रिकी और फैक्ट्री उत्पादन धीमा हो रहा है और संपत्ति निवेश में गिरावट जारी है। कैपिटल इकोनॉमिक्स की जिचुन हुआंग ने एक रिपोर्ट में कहा कि मंगलवार की कटौती शायद इस साल की आखिरी कटौती नहीं होगी।

मंगलवार की सुबह हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.9 प्रतिशत बढ़कर 23,542.46 पर पहुंच गया, जबकि शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 0.1 प्रतिशत का उछाल आया। टोक्यो में, निक्केई 225 0.5 प्रतिशत बढ़कर 37,685.09 पर पहुंच गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.6 प्रतिशत बढ़कर 8,343.30 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.1 प्रतिशत बढ़कर 2,606.58 पर पहुंच गया, जबकि ताइवान का ताइएक्स 0.4 प्रतिशत ऊपर रहा।


सोमवार को अमेरिकी शेयर, बॉन्ड और डॉलर के मूल्य में उतार-चढ़ाव दिखा। यह अस्थिरता मूडीस रेंटिंग्स की ओर से अमेरिका पर की गई टिप्पणी के कारण आई। मूडीज ने कहा है कि अमेरिकी सरकार अब शीर्ष-स्तरीय एएए रेटिंग की हकदार नहीं है।

# एपल ने फिर दिखाया भारत पर भरोसा

## झोंका अरबों का निवेश, ट्रंप की चेतावनी का नहीं हुआ असर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत में आईफोन उत्पादन पर आपत्ति जताने के बावजूद, एपल के सीईओ टिम कुक ने अपनी रणनीति में कोई बदलाव नहीं किया है। कंपनी के मैन्युफैक्चरिंग साझेदार फॉक्सकॉन और होन हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री, जिसे फॉक्सकॉन के नाम से जाना जाता है) ने भारत में बड़े पैमाने पर निवेश की घोषणा की है।

पिछले पांच दिनों में फॉक्सकॉन ने 1.48 अरब डॉलर (करीब 12,800 करोड़) का निवेश किया है, जबकि होन हाई ने भारत में 1.5 अरब डॉलर (12,500 करोड़ से अधिक) के निवेश की पुष्टि की है। दोनों कंपनियों ने



यह जानकारी अपनी स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में दी है।

फॉक्सकॉन ने यह निवेश अपनी सिंगापुर यूनिट के जरिए तमिलनाडु स्थित युजान टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में किया है। 14 मई से 19 मई के बीच किया गया यह निवेश एपल की भारत में आईफोन उत्पादन बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है।

दूसरी ओर, होन हाई ने अपने ताइवानी निवेशकों को सूचित किया है कि वह चीन से प्रोडक्शन शिफ्ट कर भारत में निर्माण बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। टिम कुक ने हाल में कहा कि जून तिमाही से अमेरिका में बिकने वाले अधिकांश आईफोन भारत में बने होंगे। चीन, जहां अब व्यापार और शुल्क को लेकर अनिश्चितता है, वहां अब मुख्य रूप से अन्य बाजारों के लिए निर्माण होगा। भारत में फॉक्सकॉन, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पेगाट्रॉन जैसे बड़े मैन्युफैक्चरिंग प्लेयर एपल के लिए काम कर रहे हैं। टाटा ग्रुप ने हाल ही में विस्ट्रॉन इंडिया का अधिग्रहण किया है और पेगाट्रॉन के भारतीय ऑपरेशंस को भी संभाल रहा है।

## म्यूचुअल फंड उद्योग ने छुआ नया शिखर, एयूएम 65.74 लाख करोड़ और एसआईपी निवेश में 45 प्रतिशत की छलांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2024-25 में म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम 23त्न बढ़कर 65.74 लाख करोड़ रुपये पहुंचा। मजबूत निवेश प्रवाह और बाजार वृद्धि के चलते यह रिकॉर्ड बना। एसआईपी निवेश में भी 45त्न उछाल आया, जिससे इसकी परिसंपत्तियां 13.35 लाख करोड़ और हिस्सेदारी 20.31त्न हो गई। म्यूचुअल फंड उद्योग की संपत्तियों (एयूएम) का आकार 2024-25 में सालाना आधार पर 23 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 65.74 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। 2023-24 में एयूएम 53.40 लाख करोड़ था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, इक्विटी एवं डेट बाजारों में तेजी के बीच शुद्ध 8.15 लाख करोड़ के मजबूत प्रवाह और निवेश के बाजार मूल्य (एमटीएम) में वृद्धि से होने वाले लाभ के कारण एयूएम बढ़ा है।

संपत्ति आधार में तेज उछाल निवेशकों और म्यूचुअल फंड कंपनियों की बढ़ती संख्या में भी देखने को मिला है। इस अवधि में म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या रिकॉर्ड 23.45 करोड़ पहुंच गई और निवेशक आधार भी करीब 5.67 करोड़ हो गया।

हजारों खाताधारकों को तगड़ा झटका

# आरबीआई की सख्ती से बंद हुआ ये बैंक, ग्राहकों के पैसे फंसे

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ के हजारों खाताधारकों के लिए सोमवार की शाम एक चौंकाने वाली खबर लेकर आई। भारतीय रिजर्व बैंक ने एचसीबीएल को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने यह सख्त कदम बैंक की खराब वित्तीय हालत और भविष्य की संभावनाओं के अभाव को देखते हुए उठाया है।

आरबीआई के मुताबिक, बैंक के पास न तो पर्याप्त पूंजी है और न ही मुनाफा कमाने की कोई ठोस संभावना। बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के तहत जरूरी शर्तों को पूरा करने में विफल रहने के कारण इस पर रोक लगाई गई है। रिजर्व बैंक ने साफ कहा है कि एचसीबीएल का संचालन आगे जारी रखना ग्राहकों और जमाकर्ताओं के हित में नहीं है।




लाइसेंस रद्द होने के साथ ही बैंक का सारा कामकाज ठप कर दिया गया है। अब ग्राहक न तो अपने खातों में पैसे जमा कर सकेंगे और न ही निकासी कर पाएंगे। हालांकि घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन के तहत 5 लाख रुपये तक की राशि बीमा कवर में सुरक्षित है।

बैंक के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 98.69त्न खाताधारक अपनी पूरी जमा राशि प्राप्त करने के योग्य हैं। 31 जनवरी 2025 तक छ्ठ्ठष्टत्रष्ट पहले ही 21.24 करोड़ की बीमित राशि का भुगतान कर चुका है। आरबीआई ने उत्तर प्रदेश के को-ऑपरेटिव कमिश्नर और रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि बैंक को पूरी तरह बंद कर दिया जाए और एक लिक्विडेटर (परिसमापक) नियुक्त किया जाए, जो बैंक की संपत्तियों और दायित्वों को निपटाएगा। यह पहली बार नहीं है जब आरबीआई ने किसी सहकारी बैंक पर कार्रवाई की हो। अप्रैल 2025 में भी अहमदाबाद के कलर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक, औरंगाबाद के अजंता अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक और जालंधर के इंपीरियल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के लाइसेंस रद्द किए गए थे।

## शेयर बाजार में गिरावट के बीच छोटू शेयर ने मचाया धमाल, लगा अपर सर्किट

नई दिल्ली, एजेंसी। गिरते बाजार में जब बड़ी-बड़ी कंपनियों के शेयर फिसल रहे हैं, तब एक पेनी स्टॉक ने सभी को चौंका दिया है। कैसर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के शेयरों में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। कंपनी के शेयर 5त्न के अपर सर्किट तक पहुंच गए। निवेशकों के चेहरे खिल उठे, क्योंकि यह उछाल एक अहम कारोबारी समझौते के बाद आया है, जिससे कंपनी को करोड़ों की आय होने की उम्मीद है। कंपनी का स्टॉक 6.60 रुपए पर खुला और कुछ ही समय में 5त्न के अपर सर्किट को छू गया। सोमवार को यह शेयर 6.33 रुपए पर बंद हुआ था। कैसर की सहायक कंपनी ज़िकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने वार्डविज़ार्ड इनोवेशन एंड मोबिलिटी लिमिटेड के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर साइन किया है। वार्डविज़ार्ड भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनियों में से एक है। इस साझेदारी के तहत ज़िकॉन इंटरनेशनल वर्ष 2025-26 और 2026-27 में वार्डविज़ार्ड से कुल 7,500 इलेक्ट्रिक स्कूटर किराए पर लेगी।

# अमेरिकी सीनेट से स्टेबलक्काइन को नियंत्रित करने वाले कानून को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टेबलकॉइन एक तरह की डिजिटल करेंसी होती है, जिसकी कीमत डॉलर या सोने जैसी असली संपत्तियों से जुड़ी होती है। इससे इसकी कीमत स्थिर रहती है, और यह व्यापारिक लेनदेन के लिए ज्यादा भरोसेमंद मानी जाती है। इस कानून का मकसद स्टेबलकॉइन जारी करने वाले कंपनियों के लिए एक सुस्पष्ट और मजबूत नियम बनाना है। अभी तक यह क्षेत्र अलग-अलग राज्य और संघीय कानूनों के हिसाब से चलता था। अमेरिका की सीनेट ने स्टेबलक्काइन नाम की क्रिप्टोकरेंसी को नियंत्रित करने वाले कानून को आगे बढ़ाने के लिए मंजूरी दे दी है। सोमवार को हुए इस प्रक्रियात्मक मतदान में 66 सीनेटरों ने पक्ष में और 32 ने विरोध में वोट दिया। दो हफ्ते पहले डेमोक्रेट्स ने इसे रोक दिया था, लेकिन अब कुछ बदलावों के बाद उन्होंने समर्थन दिया। स्टेबलक्काइन एक प्रकार की क्रिप्टोकरेंसी है, जिसकी कीमत अमेरिकी डॉलर या सोने जैसी असली संपत्तियों से जुड़ी होती है। इसका मूल्य आमतौर पर 1 डॉलर के बराबर रहता है, जिससे यह अन्य क्रिप्टोकरेंसी की तुलना में स्थिर और व्यापार में उपयोगी होती है। इस उद्योग की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और जोखिमों को देखते हुए, इसे एक सुसंगत केंद्रीय कानून के तहत लाना जरूरी माना जा रहा है। इस कानून को लेकर विवाद इसलिए भी हुआ क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके परिवार की कई क्रिप्टो परियोजनाओं से सीधा संबंध है। ट्रंप ने हाल ही में एक मेम क्काइन लॉन्च किया है जिससे 32 करोड़ डॉलर से ज्यादा की कमाई हुई है। उनकी एक पारिवारिक कंपनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल ने भी स्ठ्ठ1 नाम से एक स्टेबलक्काइन शुरू किया है, जिसे अब अरब देशों से बड़ा निवेश मिल रहा है।



डेमोक्रेट्स की ओर से शुरुआत में कड़ा विरोध था। सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन ने कहा, यह कानून ट्रंप की भ्रष्ट क्रिप्टो गतिविधियों को बढ़ावा देगा। हालांकि, कानून में कुछ सख्त प्रावधान जैसे-विदेशी कंपनियों पर कड़ी निगरानी, मेटा और गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियों को स्टेबलक्काइन जारी करने से रोकना, और सांसदों को क्रिप्टो जारी करने से रोकने जैसे नियमों को जोड़ने के बाद कुछ डेमोक्रेट्स ने समर्थन दिया।

अब सीनेट इस बिल पर अंतिम बहस और वोटिंग करेगी, जो इस सप्ताह हो सकती है। अगर यह कानून पारित होता है, तो अमेरिका में स्टेबलक्काइन उद्योग को एक मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा मिलेगा, जिससे उपभोक्ताओं की सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। सीनेटर मार्क वॉर्नर ने कहा, स्टेबलक्काइन का बाजार अब 250 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। अमेरिका अब और देर नहीं कर सकता। हमें उपभोक्ताओं की सुरक्षा, राष्ट्रीय हित और जिम्मेदार नवाचार के लिए स्पष्ट नियम चाहिए। यह कानून क्रिप्टो उद्योग और अमेरिकी राजनीति दोनों के लिए बेहद अहम मोड़ साबित हो सकता है।

# एसबीआई ने एफडी पर ब्याज 0.20 प्रतिशत घटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सभी अवधि के लिए सावधि जमा (एफडी) पर ब्याज दरों में 0.20 फीसदी की कटौती की है। नई दरें 16 मई से लागू हो गईं। तीन करोड़ रुपये से कम राशि की घरेलू जमा पर ब्याज दरों में कटौती सामान्य व वरिष्ठ नागरिकों दोनों के लिए है। दो से तीन वर्ष से कम अवधि की एफडी पर अधिकतम 6.7 फीसदी ब्याज मिलेगा। तीन से पांच साल से कम समय वाली जमा पर 6.55 फीसदी ब्याज मिल रहा है। पांच से 10 साल की एफडी पर 6.30 फीसदी ब्याज मिलेगा।

## जेम पोर्टल पर विदेशी विक्रेताओं से खरीद की जल्द मिलेगी सुविधा

सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए सार्वजनिक खरीद पोर्टल पर जल्द ही दर अनुबंध और वैश्विक निविदा सुविधाओं को जोड़ने पर काम कर रहा है। वैश्विक निविदा सुविधाओं के शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं या विदेशी विक्रेताओं से भी खरीद-बिक्री संभव हो सकेगी। इसी तरह, दर अनुबंध के तहत सरकारी खरीदार एक तय अवधि में पूर्व निश्चित कीमतों पर उत्पाद और सेवाएं खरीद सकेंगे। ऐसे में बार-बार बोली लगाने की जरूरत कम हो जाएगी। फिलहाल ये सुविधाएं



जेम पोर्टल पर नहीं हैं। जेम के सीईओ मिहिर कुमार ने कहा, हम पोर्टल को और व्यापक बनाने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं।उन्होंने बताया, जेम ने अब तक 10 लाख से अधिक छोटे उद्योगों, 1.3 लाख से ज्यादा कारीगरों, 1.84 लाख महिला उद्यमियों और 31,000 स्टार्टअप को अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा है।

अदाणी समूह की कंपनी अब भारतीय नौसेना के लिए एंटी-सबमरीन वारफेयर सिस्टम (एएसडब्ल्यू) बनाएगी। डिफेंस क्षेत्र में काम करने वाली अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने अमेरिका कंपनी स्पार्टन के साथ एक समझौता किया है।इस समझौते का मकसद आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत देश में सोनोबॉय और अन्य एएसडब्ल्यू प्रणालियों के संयोजन को स्थानीय बनाना है। अदाणी इंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष जीत अदाणी ने कहा, यह भारतीय नौसेना को स्वदेशी सोनोबॉय समाधान देने वाली भारत की पहली निजी कंपनी होगी।

व्यापार उपचार महानिदेशालय ने घरेलू उद्योग को बचाने के लिएयूरोपीय संघ (ईयू) से फफूंदनाशक 'थिरम' के आयात पर 733 डॉलर प्रति टन का डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। स्वरूप केमिकल्स प्राइवेट लि.ने जांच शुरू करने के लिए आवेदन किया था। लापरवाही से वाहन चलाने का आलम यह है कि पिछले साल देशभर में आठ करोड़ चालान काटे गए। इस अवधि में करीब 12,000 करोड़ रुपये का यातायात जुर्माना लगाया गया लेकिन लोगों ने इसमें से 9,000 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुग्राम में रोजाना लगभग 4,500 चालान हुए, जबकि नोएडा में केवल हेलमेट न लगाने पर ही एक महीने में तीन लाख रुपये से अधिक के चालान कटे। कार्स24 की रिपोर्ट में बताया गया है कि सख्त नियमों के बावजूद कानून लागू करना कठिन हो रहा है। लोग नियम-कायदों के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, 12,000 करोड़ रुपये का जुर्माना सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है बल्कि यह दर्शाता है कि देशभर में कितनी बार और कितनी आसानी से यातायात नियमों का उल्लंघन किया जाता है। 1,000 लोगों से बातचीत पर आधारित ई-चालान रिपोर्ट ने यह मिथक भी तोड़ दिया है कि लापरवाही बरतने में बड़े और छोटे वाहन होने से कोई फर्क पड़ता है अथवा कोई शहर या आय समूह मायने रखता है

# आईपीएल 2025 का 63वां मैच फाइनल से नहीं होगा कम

## दिल्ली-मुंबई के बीच महामुकाबला आज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) 2025 का 63वां मैच किसी फाइनल से कम नहीं होने वाला है। इस मैच का परिणाम तय करेगा कि कौन सी टीम प्लेऑफ की रेस में आगे जाएगी। दरअसल, आईपीएल 2025 में आरसीबी, गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स पहले ही प्लेऑफ की रेस पार कर चुकी हैं। चौथी टीम कौन सी होगी, इसका फैसला अभी तक नहीं हो पाया है। चौथी टीम बनने के लिए बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच महामुकाबला होना है। इस मैच में अगर दिल्ली कैपिटल्स मुंबई को घर पर हरा देती है, तो उसकी उम्मीद प्लेऑफ में जाने की बरकरार रहेगी। लेकिन, अगर मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स पर जीत हासिल की, तो दिल्ली कैपिटल्स का प्लेऑफ में जाने का सपना टूट जाएगा। आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स ने 12 मैचों में 6 जीत के साथ 13 अंक अर्जित किए हैं। उसे प्लेऑफ में जाने के लिए बाकी दोनों मैचों में जीत हासिल करनी होगी। वहीं, मुंबई इंडियंस के पास 12 मैचों में 14 अंक हैं। अगर मुंबई दिल्ली के सामने मैच हार भी जाती है, तो उसके पास 16 अंकों तक पहुंचने के लिए एक और मौका होगा। लेकिन, दिल्ली को हर हाल में मुंबई के सामने जीत चाहिए होगी। दिल्ली जहां मुंबई के सामने हर हाल में जीत सुनिश्चित करना चाहेगी, वहीं मुंबई अपने बाकी दोनों मैचों को जीतकर अच्छे नेट रन रेट की मदद से टूर्नामेंट में खुद को टॉप-2 में खत्म करना चाहेगी। आईपीएल में इस सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स प्लेऑफ में जाने वाली पहली तीन टीम बनी हैं।

बता दें कि मुंबई इंडियंस के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, कप्तान हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव पर मुंबई फैंस की नजर रहने वाली है। क्योंकि, इन तीनों खिलाड़ियों पर मुंबई इंडियंस की टीम काफी हद तक निर्भर रहती है। सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड भी वानखेड़े में काफी अच्छा है। वानखेड़े में एक हाई स्कोरिंग मैच की उम्मीद की जा रही है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल, कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के प्रदर्शन पर दिल्ली के फैंस की उम्मीदें होंगी।

# पंत पर चोपड़ा का बड़ा बयान, टी20 टीम में जगह बनाने के लिए गंवा दिया महत्वपूर्ण अवसर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना ??है कि ऋषभ पंत को टी20 क्रिकेट में अपने दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है क्योंकि उन्होंने आईपीएल के दुःस्वप्न सत्र में भारत के टी20 सेट-अप में जगह बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर गंवा दिया। भारत की टी20 टीम में नियमित रूप से शामिल नहीं होने वाले पंत से इस सत्र में अपनी छाप छोड़ने की उम्मीद थी। हालांकि लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ने 27 करोड़ रुपए की भारी भरकम कीमत में खरीदे जाने के बाद 12 मैचों में केवल 135 रन बनाए। एलएसजी सोमवार रात सनराइजर्स हैदराबाद से हार के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। चोपड़ा ने कहा, सफलता आपको कुछ चीजें सिखा सकती है। हालांकि असफलताएं वास्तव में आपकी मानसिकता को बदल देती हैं और अक्सर अच्छे के लिए। वह भारतीय टी20 टीम में नियमित नहीं है, इसलिए यह सीजन महत्वपूर्ण था। अपनी छाप छोड़ने और एक मजबूत इकाई बनाने का मौका। यह उस तरह नहीं हुआ। उनका खुद का फॉर्म असंगत रहा है, अपने आप में एक और सबक। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, क्या वह टी20 में इसी दृष्टिकोण पर टिके रहते हैं या अनुकूलन करते हैं? जब आप खराब दौर से गुजरते हैं, तो ऐसा लगता है कि कुछ भी काम नहीं करता। रातें लंबी लगती हैं, दिन और भी लंबे। तब आप सीखते हैं और वापसी करते हैं। यह एक बुरा सपना रहा है। बुरे सपनों के बारे में अच्छी बात यह है कि आप अंततः जाग जाते हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने चोपड़ा के विचार को दोहराते हुए कहा कि पंत अनिश्चित दिखे और उन्हें फॉर्म हासिल करने के लिए अपने दृष्टिकोण पर फिर से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा, एलएसजी उन पर निर्भर थी, खासकर मध्य क्रम में। मार्श को छोड़कर, कोई भी वास्तव में रन नहीं बना सका। पंत शुरू से ही अनिश्चित दिखे और इस सीजन में कभी भी वास्तव में नहीं चल पाए। यह खिलाड़ी के खराब फॉर्म का संकेत है।

### एलएसजी-एसआरएच

# हर्षल पटेल ने बुमराह-मलिंगा को भी छोड़ा पीछे, 150 विकेट चटकाकर बनाया ये खास रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का 61वां मैच आज सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ के बीच खेला गया. इस मैच में हैदराबाद ने लखनऊ को 6 विकेट से मात दी और लखनऊ की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को भी चकनाचूर कर दिया. इस मैच में एसआरएच के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने आईपीएल इतिहास में सबसे तेज़ 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. उन्होंने इस उपलब्धि के साथ लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ दिया है. हर्षल पटेल ने यह उपलब्धि मैच के 16वें ओवर में हासिल की, जब उन्होंने एडन मार्करम को 61 (38 गेंदों) पर क्लीन बोल्ड किया. इस विकेट के साथ उन्होंने आईपीएल में 2381 गेंदों में 150 विकेट पूरे किए. उन्होंने लसिथ मलिंगा (2444 गेंदें) और युजवेंद्र चहल (2543 गेंदें) जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया. हर्षल इस सीजन में अब तक 11 पारियों में 15 विकेट लेकर संयुक्त रूप से 5वें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. उनका औसत 24.26 है और उन्होंने दो बार चार विकेट लिए हैं.

### 150 आईपीएल विकेट सबसे कम गेंदों में

1. 2381 गेंदें - हर्षल पटेल
2. 2444 गेंदें - लसिथ मलिंगा
3. 2543 गेंदें - युजवेंद्र चहल
4.2656 गेंदें - ड्वेन ब्रावो
5. 2832 गेंदें - जसप्रीत बुमराह

बता दें कि हर्षल पटेल दो बार पर्पल कैप जीत चुके हैं. 2021 में आरसीबी के लिए खेलते हुए 32 विकेट लिए और 2024 में पीबीकेएस के लिए उन्होंने 24 विकेट लिए थे.

# उदयपुर डिविजन चेंबर ऑफ कॉमर्स का क्रिकेट महाकुंभ 24 मई से

## 52 टीमों के बीच होगा मुकाबला, क्रिकेटर अजय जडेजा करेंगे शुभारंभ



**उदयपुर, एजेंसी।** चेंबर ऑफ़ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन द्वारा पहली बार शहर में एक भव्य रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 24 मई से 31 मई 2024 तक फील्ड क्लब मैदान पर होगा, जिसमें उदयपुर के विभिन्न व्यापारिक एसोसिएशनों की 52 टीमें भाग लेंगी। इस ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अजय जाडेजा, चितौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा किया जाएगा।

चेंबर अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि उदयपुर में पहली बार चैंबर में रजिस्टर विभिन्न व्यापारिक संगठनों की सामूहिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सर्वसम्मति से संजय भंडारी को संयोजक नियुक्त किया है। सिंघवी ने बताया कि प्रतियोगिता 24 मई से प्रारंभ होकर 31 मई तक आयोजित की जाएगी। इस आयोजन के लिए गठित कोर कमेटी में पारस सिंघवी, राजमल जैन, हिम्मत बडाला, संजय भंडारी, अशोक काबरा, कैलाश सोनी, देवनारायण धायभाई, राकेश जैन, हरीश चावला, अजय पोरवाल, भंवरलाल सुहालका, बृजलाल सोनी, हिमांशु गुप्ता, जगदीश मेनारिया, नितिन सेठ मनोज जैन, जयेश चंपावत को सम्मिलित किया गया है। अजय जाडेजा, सी पी जोशी, राजपरिवार सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ करेंगे शुभारंभ। क्रिकेट प्रतियोगिता संयोजक संजय भंडारी ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अजय जाडेजा, चितौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा किया जाएगा इस दौरान राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर सांसद मन्ना लाला रावत, उदयपुर ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, कांग्रेस जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहेंगे। पूर्व क्रिकेटर अजय जाड़ेजा को चेंबर अध्यक्ष पारस सिंघवी द्वारा विशेष निमंत्रण भेजा गया जिसको स्वीकार कर उन्होंने इस महाकुंभ के शुभारंभ हेतु अपनी अनुमति प्रदान की है। अजय जाडेजा अपने समय के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रहे हैं।

- **आपसी संबंध स्थापित करेगा यह आयोजन** – प्रचार प्रसार मंत्री राकेश जैन ने बताया कि चेंबर से संबंधित व्यापार मंडल के सदस्य ही इसमें खेल पाएंगे, यह आयोजन शुद्ध रूप से व्यापारिक समारोह है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शक मैच का आनंद लेंगे। यह आयोजन उदयपुर में व्यापारिक संगठनों के बीच नए संबंध की इमारत स्थापित करेगा। उद्घाटन एवं समापन पर चेंबर पूरी कार्यकारिणी एवं उदयपुर का संपूर्ण व्यापार जगत की उपस्थिति रहेगी। अभी तक 52 व्यापार मंडलों की क्रिकेट टीमों की स्वीकृति सफल आ चुकी है।
- **नियमों की कठोरता से होंगी पालना** – प्रतियोगिता सहसंयोजक कैलाश सोनी एवं अशोक काबरा ने बताया कि प्रतियोगिता को सफल एवं निर्विवाद बनाने के लिए सामूहिक रूप से नियम एवं शर्तें तय की गई है नियमों के विपरीत किसी भी प्रकार से कोई भी निर्णय नहीं लिया जाएगा एव सभी संगठनों को नियमों की पालना करनी होगी।

### नवजोत सिंह सिद्धू की बड़ी भविष्यवाणी

# बताया कौन जीतेगा आईपीएल 2025 का खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग सीजन 18 के प्लेऑफ के लिए 3 टीमें कन्फर्म हो चुकी है. इनमें गुजरात टाइटंस ही है, जिसने आईपीएल खिताब जीता हुआ है. जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स ने अभी तक खिताब नहीं जीता है. चौथे स्पॉट के लिए दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच लड़ाई है. अब दिग्गज भविष्यवाणी करने लगे हैं कि इस बार आईपीएल कौन जीतेगा? भारत के पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान में आईपीएल 2025 में कमेंट्री कर रहे नवजोत सिंह सिद्धू ने भविष्यवाणी करते हुए बताया है कि आईपीएल 2025 का टाइटल कौन जीतेगा. उन्होंने श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की तारीफ़ करते हुए उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार बताया. नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि श्रेयस अय्यर और रिकी पोंटिंग की इस टीम ने वो कर के दिखा दिया जिसकी किसी को उनसे उम्मीद नहीं थी. उनका मानना है कि इस टीम को कम आंका जा रहा था लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने कहा, टीम में वही प्लेयर्स हैं, प्रभसिमरन सिंह, अर्शदीप सिंह, नेहाल वढेरा. प्रियांश आर्य तो अभी लीग से आ रहा है. तो उन्हें विश्वास देकर ऐसा बना दिया है कि वो मैच विनर बन गए हैं. आज आप देखिए नेहाल वढेरा की 70 रनों की कमाल की पारी, 180 की स्ट्राइक रेट से और साथ में शशांक सिंह की पारी. अलग-अलग मैचों में अलग-अलग प्लेयर को मैन ऑफ़ द मैच बनना. मतलब इससे बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता. वढेरा ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 37 गेंदों में 5 छक्के और इतने ही चौकों की मदद से 70 रन बनाए थे. शशांक ने 30 गेंदों में 59 रन बनाए थे.



**पंजाब किंग्स ट्रॉफी जीतने की दावेदार** – नवजोत सिंह सिद्धू ने आगे कहा, पंजाब किंग्स ना सिर्फ आगे आई है बल्कि खिताब जीतने की प्रबल दावेदार भी है. मुझे दावे के साथ लग रहा है कि पंजाब किंग्स टॉप 2 में जाएगी, उनके साथ दूसरी टीम आरसीबी या गुजरात होगी. और टॉप 2 में जो पहुंचता है, उनमें से ही कोई खिताब जीतता है. 2011 से जो भी टीम खिताब जीती है, वो टॉप 2 में से ही जीती है. सिर्फ 1 बार 2016 में हैदराबाद जीती थी, जो टॉप 2 में नहीं थी. क्योंकि 3 मैच आपको लगातार जीतने होंगे, लगातार ट्रेवल करना होगा.

### गुजरात - दीव के घोघला ब्लू फ्लैग बीच पर

# बीच गेम्स 2025 का हुआ शुभारंभ

**दीव, एजेंसी।** केंद्र शासित प्रदेश दादर एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव में दीव के खूबसूरत घोघला ब्ल्यू फ्लैग बीच पर सोमवार को राष्ट्रीय बीच गेम्स 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में देशभर से 1,000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जो विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समुद्र तट की प्राकृतिक सुंदरता और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच शुरू हुए इस समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और दीव-दमन के प्रशासक प्रफुल्ल पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी इस अवसर पर मौजूद थे, जिन्होंने आयोजन को और गौरवशाली बनाया। इस बीच गेम्स में कबड्डी, रस्साकशी, बीच वॉलीबॉल, बीच फुटबॉल, बीच बॉक्सिंग सहित कई रोमांचक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य देश में बीच स्पोर्ट्स को बढ़ावा देना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। मनसुख मांडविया ने कहा, बीच गेम्स न केवल खेलों को बढ़ावा देने का एक मंच है, बल्कि यह देश के तटीय क्षेत्रों की सुंदरता को भी दुनिया के सामने लाता है। दीव जैसे खूबसूरत स्थान पर इस तरह के आयोजन से पर्यटन और खेल दोनों को बढ़ावा मिलेगा।



केंद्रीय खेल मंत्री ने आईएएनएस से बात करते हुए अरब सागर के तट पर दीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 के शुभारंभ पर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में देश भर से 1,350 से अधिक एथलीट विभिन्न खेल विधाओं में भाग ले रहे हैं। यह दूसरा अवसर है जब खेलो इंडिया बीच गेम्स का आयोजन किया जा रहा है और दीव को इसके लिए एक आदर्श गंतव्य बताया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के तहत दीव को भविष्य में भी बीच गेम्स के आयोजन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य दीव को न केवल एक पर्यटन स्थल, बल्कि स्पोर्ट्स टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है। अगले छह दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी एथलीटों को शुभकामनाएं। यह नया भारत केवल सपने नहीं दिखाता, बल्कि उन सपनों को साकार करने का अवसर भी प्रदान करता है।

# दिग्वेश-अभिषेक पर गिरी गाज, एक पर बैन तो दूसरे पर भारी जुर्माना, चलते मैच में हाथापाई करने चले थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिग्वेश राठी और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को सोमवार को आईपीएल 2025 के मैच के दौरान हुई तीखी नोकझोंक के लिए सजा मिली है। दोनों खिलाड़ियों के बीच नोकझोंक इस कदर बढ़ गई थी कि हाथापाई तक पहुंच गए थे। लेकिन साथी खिलाड़ी बीच बचाव में आ गए और स्थिति संभल गई।

आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दिग्वेश पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत रूस्त्र स्पिनर का तीसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए उनके दो डिमिट पॉइंट मिले जिसके परिणामस्वरूप उन पर एक मैच का बैन लग गया। लखनऊ सुपर जायंट्स (रूस्त्र) के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर सोमवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत उनका तीसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए उन्हें दो डिमेरिट अंक मिले हैं, इसके अलावा उन्होंने पहले तीन डिमेरिट अंक जमा किए थे 01 अप्रैल 2025 को पंजाब किंग्स के खिलाफ एक डिमेरिट अंक और 04 अप्रैल 2025 को मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो डिमेरिट अंक। चूंकि अब उनके पास इस सीजन में पांच डिमेरिट



अंक हैं जिसके परिणामस्वरूप एक गेम का निलंबन बनता है, दिग्वेश अब रूस्त्र के 22 मई 2025 को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए निलंबित रहेंगे। इस बीच, एसआरएच के बल्लेबाज पर मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट अंक दिया गया है, यह आईपीएल आचार संहिता के तहत उनका पहला अपराध था। बयान में कहा गया, सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। बयान में आगे कहा गया है, यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.6 के तहत उनका पहला लेवल 1 अपराध था और इसलिए उन्हें एक डिमेरिट अंक मिला है।

यह घटना एसआरएच के लक्ष्य का पीछा करने के 8वें ओवर के दौरान हुई जब दिग्वेश ने डीप में कैच लेकर अभिषेक को आउट किया और अपने अंदाज में जश्न मनाया। लेकिन इसके तुरंत बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई। स्थिति को गंभीर रूप लेता देख अंपायरों के साथ-साथ एलएसजीके कप्तान ऋषभ पंत को तुरंत हस्तक्षेप करना पड़ा। रिप्ले में दिखाया गया कि आउट होने के बाद दिग्वेश अभिषेक की ओर इशारा कर रहे थे, जिसके कारण बहस हुई।

अर्जुन कपूर पर चढ़ा नया शौक कहा-

# मैं बाथरूम सिंगर बनना चाहता हूं

**बॉलीवुड** एक्टर अर्जुन कपूर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह मजाकिया अंदाज में कहते दिख रहे हैं कि वो बाथरूम सिंगर बनना चाहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन दिनों उनका पसंदीदा गाना मामा टोल्ड मी है, जो साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म एक अजनबी के हिट गानों में से एक है। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपनी बहन अंशुला के साथ बैठे नजर आ रहे हैं और म्यूजिक के बारे में बात कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए अर्जुन ने कैप्शन में लिखा, इस प्लेलिस्ट का कोई एक स्टाइल नहीं है... बस जज्बात हैं। आपकी प्लेलिस्ट में इस समय सबसे अजीब गाने कौन से हैं? वीडियो में अर्जुन कहते हैं, मैंने तय किया है कि मैं बाथरूम सिंगर बनना चाहता हूं। इस पर उनकी बहन अंशुला ने हंसते हुए कहा, इस घर में हर साइज के पोर्टेबल स्पीकर हैं। इसके बाद एक्टर अपनी प्लेलिस्ट को स्क्रॉल करते हुए ढूंढते हैं कि उन्होंने आखिरी पॉप सॉन्ग कौन सा सुना था। इस दौरान वह मजाक में कहते हैं, मेरा म्यूजिक कलेक्शन कितना अजीब है। मैं बस ऐसा एक सही गाना ढूंढ रहा हूं जिसे मैं सबको बता सकूं। उन्होंने अपनी प्लेलिस्ट में से एक गाना चुना और बताया कि आया रे तूफान उनका पसंदीदा गाना है, जो विक्की कौशल की फिल्म छावा से है। इस पर अंशुला कहती हैं कि अर्जुन की पसंद का कोई ठिकाना नहीं है, कभी कोई गाना, कभी कोई और। उनकी प्लेलिस्ट में हर तरह के गाने हैं। अर्जुन बताते हैं, मेरी प्लेलिस्ट में पहले गोरी है कलाइयां गाना था, फिर डांस सॉन्ग बेबी जॉन, और फिर अचानक इमोशनल गाना दूरियां आ गया, जो 2007 की लव आजकल फिल्म का गाना है। एक्टर ने बताया कि वह इंटरनेशनल पॉप सिंगर दुआ लीपा और ब्रूनो मार्स के भी गाने सुनते हैं। अर्जुन आगे कहते हैं, ओह, इस समय मेरा पसंदीदा गाना अगर मैं बताऊंगा, तो आप लोग हंसेंगे। इन दिनों मेरा पसंदीदा गाना मामा टोल्ड मी है। इस पर अंशुला कहती हैं कि अब अर्जुन पुराने गानों में दिलचस्पी लेने लगे हैं।





## लस्ट स्टोरी 3 सीरीज में दिखाई देंगी राधिका



लस्ट स्टोरी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक हैं। अब तक इसके 2 सीजन रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का काफी प्यार मिला। लस्ट स्टोरी के तीसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है। खबर यह है कि लस्ट स्टोरी 3 के लिए राधिका आप्टे और कोंकणा सेन शर्मा ने पहली बार हाथ मिलाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार... सीरीज के एक पार्ट में राधिका और कोंकणा नजर आएंगी। इस पार्ट का निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी करने वाले हैं। सीरीज की कहानी तैयार हो चुकी है और इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। इसमें अभिषेक बनर्जी भी नजर आएंगे।

## ताहा शाह बदुशा ने कान्स 2025 में एक शानदार छाप छोड़ी

- फिल्म पारो के ज़रिए वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा का किया प्रतिनिधित्व

देश के चहेते अभिनेता ताहा शाह बदुशा ने इस साल प्रतिष्ठित कांस फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपनी शालीनता, भावनात्मक गहराई और सिनेमा के प्रति गर्व को दर्शाया। चारकोल रंग के सजीले थ्री-पीस सूट पहने ताहा ने एक आधुनिक सज्जन की छवि को साकार किया, अपनी सदाबहार स्टाइल और आत्मविश्वास से भरी मौजूदगी से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। लेकिन कान्स में उनकी उपस्थिति सिर्फ़ फैशन तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि यह सिनेमाई प्रतिनिधित्व का एक प्रभावशाली पल भी था। ताहा ने निर्देशक गजेंद्र अहिरे और सह-कलाकार तृप्ति भोईर के साथ पारो-द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ़ ब्राइड स्लेवरी की स्क्रीनिंग में भाग लिया। यह फिल्म एक गंभीर सामाजिक मुद्दे पर आधारित है, और कांस जैसे मंच पर इसकी प्रस्तुति ने इस विषय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दी। ताहा की मौजूदगी ने इस कहानी की आवाज़ को और भी मुखरता से प्रस्तुत किया। फ्रेंच रिवेरा के नीले समुद्री किनारे पर खड़े होकर, ताहा ने एक भावुक पल को इंस्टाग्राम पर साझा किया। एक खूबसूरत तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा-कोटे डीअज़ूर के किनारे सुनहरा समय, कालातीत लोगों के साथ कालातीत पल। कान्स, आप जादुई रहे हैं। यह शब्द इस अनुभव की भावनात्मक गहराई को बखूबी बयां करते हैं—जहाँ सिनेमा, कला और संस्कृति का वैश्विक उत्सव मनाया जा रहा था। कान्स में ताहा की शानदार उपस्थिति और सार्थक कहानी कहने की उनकी प्रतिबद्धता ने दिखाया कि स्टाइल केवल कपड़ों से फैशन करने से कहीं आगे जाता है। यह आत्मविश्वास, शालीनता और उद्देश्य का परिचायक है। चाहे वह रेड कार्पेट पर हों या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर साहसी सिनेमा का प्रतिनिधित्व कर रहे हों, ताहा शाह बदुशा भारतीय और वैश्विक सिनेमा दोनों में लगातार एक संवेदनशील और सशक्त कलाकार के रूप में उभर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने वैनिटी फेयर × रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल इवेंट में भी भाग लिया, जहाँ सिनेमा, फैशन और कला की दुनिया के वैश्विक दिग्गज एक साथ नज़र आए। वहां भी ताहा ने अपने सहज और प्रभावशाली व्यक्तित्व से सबका ध्यान खींचा—यह साबित करते हुए कि उनका आकर्षण सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। जैसे-जैसे उनकी यात्रा आगे बढ़ती है, कांस 2025 उनके करियर का एक अहम अध्याय बन गया है—जहाँ कला, सामाजिक चेतना और शालीनता का खूबसूरत संगम देखने को मिला।



## Tanvi The Great:

## खत्म हुआ इंतजार, अनुपम खेर ने किया 'तन्वी द ग्रेट' की रिलीज डेट का एलान



अनुपम खेर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। जानिए कब रिलीज हो रही है फिल्म। अनुपम खेर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर चर्चाओं में हैं। अनुपम इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म को कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। जहां काफी प्रशंसा भी मिली थी। अब अनुपम खेर ने फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। जिसके बाद फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं।

### वीडियो शेयर कर दी जानकारी

फिल्म की कास्ट के साथ कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंचे अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके फिल्म की रिलीज के बारे में जानकारी दी है। वीडियो में वो फिल्म से जुड़े अनुभव साझा करते हैं। साथ ही फिल्म की शूटिंग के बारे में भी बात करते हैं। वीडियो में अनुपम भावुक नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अनुपम खेर ने फिल्म के बारे में बात करते हुए इसकी रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी। अनुपम ने बताया कि फिल्म भारत में 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### कान में लोगों की प्रतिक्रिया से खुश हुए अनुपम

वीडियो साझा करते हुए अनुपम खेर ने ट्विटर पर वीडियो के कैप्शन में लिखा, कल रात 'तन्वी द ग्रेट' के वर्ल्ड प्रीमियर में सभी देशों के दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया से मैं बहुत प्रभावित और भावुक हूं। उन्होंने कहा कि यह एक यूनिवर्सल सब्जेक्ट है, जिसने लोगों के दिल को छू लिया। उन्हें सब कुछ बहुत पसंद आया, खास तौर पर लीजेंड एमएम करीम द्वारा तैयार किया गया फिल्म का संगीत। 18 जुलाई को हमारी फिल्म के प्यार, जादू और मेहनत को देखने के लिए आप सभी का इंतजार है। आपसे थिएटर में मिलते हैं। जय हिंद।



## रिटायरमेंट की चर्चाओं के बीच अजित कुमार ने की अगली फिल्म की घोषणा



**तमिल** सुपरस्टार अजित कुमार फिल्मों के साथ-साथ रेसिंग में भी काफी सक्रिय रहते हैं। कार रेसिंग के प्रति उनकी बढ़ती सक्रियता के कारण बीच में उनको लेकर ऐसी खबरें भी आईं कि वो फिल्मों से संन्यास लेने का सोच रहे हैं। हालांकि, इन चर्चाओं के बीच अब अजित कुमार ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर दी है। जिसके बाद उनके रिटायरमेंट की खबरें सिर्फ अफवाह साबित हुई हैं। अभिनेता ने बताया कि किस तरह से वो अपने दो पैशन सिनेमा और मोटरस्पोर्ट के बीच संतुलन बनाने की तैयारी कर रहे हैं। अभिनेता ने कहा, यूरोप में हमारा रेसिंग सीजन मार्च में शुरू होता है और अक्टूबर में समाप्त होता है। जनवरी में दुबई में होने वाली एक बार की रेस को छोड़कर। अगर मैं नवंबर से फरवरी के बीच एक फिल्म बना पाता हूं, तो मैं हर साल एक फिल्म रिलीज करूंगा। साथ ही अपने रेसिंग प्रोग्राम पर भी ध्यान केंद्रित करूंगा। मैं इस साल नवंबर में एक नए प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करूंगा, जो उम्मीद है कि अप्रैल या मई 2026 के आसपास रिलीज होगी। हालांकि अभी तक अजित कुमार की अगली फिल्म के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस दौरान अजित कुमार ने अपने इतने लंबे करियर में अपनी सफलता के लिए अपने साथ काम करने वाले निर्माताओं-निर्देशकों को श्रेय दिया

मां बनने के बाद

## दिशा परमार की छिनी नींद

**टेलीविजन** एक्ट्रेस दिशा परमार इन दिनों मां बनने के अनुभव को खुलकर जी रही हैं, जिसमें खुशी भी है और कुछ मुश्किलें भी। इस कड़ी में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक मां के रूप में अपनी जिंदगी की झलक साझा की। उन्होंने बताया कि वह पिछले दो सालों से ठीक से सो नहीं पाई है। सोमवार को दिशा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, मुझे ठीक से सोए हुए दो साल से ज्यादा हो गए हैं! वो बिना रुकावट 8-9 घंटे की नींद कैसी होती है, अब याद भी नहीं है। सुबह बिना बच्चे के रोने की आवाज के उठना भी भूल गई हूं। उफ्फ! अब तो बस इंतजार है कि वो दिन फिर कब आएगा... उम्मीद है जल्दी आए! इसके अलावा, दिशा ने एक प्यारी सी तस्वीर भी शेयर की, जिसमें वह अपनी बेटी को गोद में उठाए हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने उस फोटो के साथ कैप्शन लिखा- अभी की ज़िंदगी ऐसी चल रही है। एक्ट्रेस अक्सर अपनी बेटी के साथ की क्यूट फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं, जिससे उनके फैंस को मां बनने के उनके खूबसूरत पलों की झलक देखने को मिलती है।



## मोहम्मद रफी ने मेरे करियर को दिया आकार: सोनू निगम

**गायक** सोनू निगम ने म्यूजिक इवेंट 'सौ साल पहले 2.0 - एक बार फिर से' के साथ मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि दी। मशहूर गायक ने दिवंगत रफी साहब को अपना गुरु बताया और उन्हें अपनी सफलता का श्रेय दिया। शो में सोनू निगम ने अपने जज्बात साझा किए। उन्होंने कहा, मैं अपने पहले गुरु मोहम्मद रफी साहब और अपने माता-पिता का बहुत आभारी हूं। मेरे पिता ने ही मुझे रफी साहब की गायकी और संगीत से परिचित कराया, फिर रफी साहब ने मेरे करियर को आकार दिया, मुझे वह बनाया जो मैं आज हूं। उन्होंने आगे कहा, रफी साहब की वजह से मैं हूं, मेरा वजूद है। इसलिए, यह संगीत कार्यक्रम मेरे दिल में खास जगह रखता है। क्योंकि यह अपने गुरु के प्रति भक्ति या श्रद्धा व्यक्त करने का भी एक शानदार मौका है। एनआर टैलेंट ने इस संगीत कार्यक्रम का आयोजन मोहम्मद रफी के सम्मान में रखा था, जिसमें सोनू ने अपने माता-पिता के साथ मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मोहम्मद रफी के कई गानों को शामिल किया गया। सोनू निगम ने तू कहां ये बता, तुम मिल गए हो, मैं जिंदगी का साथ, रंग और नूर की बारात, परदा है परदा, पुकारता चला हूं मैं, दर्द-ए-दिल, सुहानी रात, क्या हुआ तेरा वादा जैसे क्लासिक गाने पेश किए। सोनू ने रफी के क्लासिक फिर मिलोगे कभी, एहसान तेरा होगा मुझ पर, अभी ना जाओ छोड़कर, जाने क्या ढूंढती रहती हैं, जो वादा किया वो, चौदहवीं का चांद समेत अन्य गाने गाए। कॉन्सर्ट में सोनू ने अपने दोनों गुरुओं - मोहम्मद रफी और उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान के बच्चों को मंच पर आमंत्रित किया।

## 'महारानी' सीरीज में छा गई हुमा

### अब फीस में फर्क को लेकर एक्ट्रेस ने उठाए जरूरी सवाल

**एक्ट्रेस** हुमा कुरैशी अब तक 'महारानी' नाम की वेब सीरीज के तीन सीजन कर चुकी हैं, इसमें वह लीड रोल में नजर आती हैं। इस सीरीज में उनके काम को काफी सराहा गया। 'महारानी' सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज में भी शामिल है। इतना सब होने के बावजूद भी हुमा कुरैशी को पुरुष कलाकारों के मुकाबले बहुत कम फीस मिलती है। इस अंतर पर वह सवाल उठाती हैं। हाल ही हुमा कुरैशी ने बातचीत में बताया कि सीरीज 'महारानी' सबसे ज्यादा देखी जाने के बावजूद भी उन्हें पुरुष अभिनेताओं के मुकाबले कम फीस मिलती है। फिल्मों में तो ऐसा होता है, ओटीटी पर भी यही सीन है। वह बताती हैं कि ओटीटी पर काम करने वाले नामी एक्टर्स को लगभग 45 करोड़ रुपये फीस मिलती है लेकिन एक्ट्रेसेस को इतनी फीस नहीं मिलती है। इस फीस के अंतर पर हुमा सवाल करती हैं। हुमा कुरैशी आगे कहती हैं, 'यह सब ऐसा ही।' लेकिन हुमा कुरैशी को उम्मीद है कि बातचीत करके, चर्चा करके इस स्थिति में बदलाव आएगा। हुमा कुरैशी की सीरीज 'महारानी' का चौथा सीजन भी जल्द आएगा, इसमें भी वह रानी भारती का रोल निभाएंगी। ओटीटी में फीस के अंतर की बात करने के अलावा हुमा कुरैशी ने इस प्लेटफॉर्म को सराहा भी है। हुमा का मानना है कि इस प्लेटफॉर्म ने जयदीप अहलावत, शेफाली शाह और उनके लिए नए दरवाजे खोले हैं। अब हुमा कुरैशी और ये एक्टर्स अच्छी कहानियों का हिस्सा बन रहे हैं।

-साभार-एजेंसी